Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्ष: 6 अंक: 13 | सोमवार, 13 जनवरी -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

# महाकुंभ का शुभारंभ

## संगम पर सनातन का सबसे बड़ा संगम

**महाकुंभ नगर।**



प्रतीक्षा खत्म हुई। सोमवार को ब्रह्म मुहूर्त में घड़ियों की सुई जैसे ही 4.32 पर पहुंची। महाकुंभ वैसे ही प्रारंभ हो गया। पौष पूर्णिमा के स्नान पर्व का यही पुण्यकाल है लेकिन श्रद्धालुओं की यह व्यग्रता ही है कि उन्होंने आधी रात से ही गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के पावन संगम के साथ विभिन्न घाटों पर स्नान शुरू कर दिया। संगम क्षेत्र में सोमवार से ही माह भर का कल्पवास प्रारंभ हो गया है।

मंगलवार को मकर संक्रांति पर अमृत स्नान पर्व का अनूठा संयोग जुड़ रहा है। दोनों ही स्नान पर्वों के एक साथ पड़ने से श्रद्धालुओं में उत्साह है। ठंड और बूंदाबांदी के बावजूद श्रद्धालुओं के आने का तांता लगा हुआ है। संतों-महतों के शिविर जागृत हैं। पूरे मेला क्षेत्र में प्रवचन व वेद की ऋचाओं की गूंज है। मेला में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था है। श्रद्धालुओं कई किलोमीटर पैदल चलकर मेला क्षेत्र में पहुंचे। पौष पूर्णिमा व मकर संक्रांति पर 12 किलोमीटर क्षेत्र में फैले सभी 44 घाटों पर स्नान के लिए आए संतों और श्रद्धालुओं पर सरकार की तरफ से हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा कराई जाएगी। रविवार सुबह से ही प्रयागराज की सड़कों पर वाहनों व पैदल यात्रियों का रेला दिखने लगा। दोपहर में बारिश होने से लोग इधर-उधर छांव तलाशते ठिठके जरूर लेकिन बूंदाबांदी थमते ही फिर सड़कों पर दिखे। इससे चहुंओर जाम की स्थिति रही। पुलिस पसीने-पसीने होती रही। प्रदेश सरकार को उम्मीद है कि महाकुंभ में देश-विदेश से लगभग 40 करोड़ श्रद्धालु व पर्यटक आएंगे। माना जा रहा है कि महा आयोजन में प्रति व्यक्ति औसत खर्च 10 हजार रुपये तक भी बढ़ सकता है और कुल कारोबार चार लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। इस बार पौष पूर्णिमा पर बुधादित्य योग का अद्भुत संयोग बन रहा है। स्नान के बाद सकल कामना सिद्धि, जनकल्याण व राष्ट्र अभ्युदय के लिए यज्ञ-अनुष्ठान आरंभ हो जाएगा।

देश-विदेश के संत व श्रद्धालु गंगा, यमुना व अदृश्य सरस्वती की त्रिवेणी (संगम) के पवित्र जल में डुबकी लगाकर भजन-पूजन में रम जाएंगे। धमार्चार्यों का मत है कि स्नान पर्वों पर संगम के पवित्र जल में डुबकी लगाकर यथासंभव दान करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होगी।

### 40 करोड़ लोगों के आने की उम्मीद

भीड़ का दवाब देखते हुए महाकुंभ क्षेत्र में कुछ पुलों पर आवागमन रोक दिया गया। यातायात प्रबंधन योजना में तात्कालिक तौर पर संशोधन किए गए। साथ ही चार हजार हेक्टेयर में विस्तारित महाकुंभ क्षेत्र में तैयारियों का रिहर्सल भी कर लिया गया।

# लॉस एंजेलिस में भीषण आग नहीं बुझने पर भड़के ट्रंप, कहा- अधिकारी नकारा हैं

**वाशिंगटन।**



अमेरिका के लॉस एंजेलिस में लगी भीषण आग पर काबू अभी तक नहीं पाया गया है। मरने वालों की संख्या 16 तक पहुंच गई है। अधिकारियों का कहना है कि मौत का यह आंकड़ा और बढ़ सकता है। इस बीच नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आग पर काबू पाने में विफल रहने वाले अधिकारियों पर खूब भड़के। ट्रंप ने इन अधिकारियों को नकारा करार दिया।

अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर ट्रंप ने अधिकारियों की जमकर आलोचना की। उन्होंने कहा कि यह अमेरिकी इतिहास की सबसे खराब आपदाओं में से एक है। लॉस एंजेलिस में आग अब भी भड़की है। अक्षम अधिकारियों को यह नहीं पता है कि आग पर काबू कैसे पाया जाए? हजारों शानदार घर जल गए हैं। जल्द ही कई और भी जल जाएंगे। हर जगह मौत का मंजर है। यह अमेरिका के इतिहास की सबसे खराब आपदाओं में से एक है। न्यूयॉर्क पोस्ट के मुताबिक आग की चपेट में आने से लगभग 16 लोगों की जान जा चुकी है। वही करीब दो लाख लोगों को दूसरी जगह पर भेजा गया है। लगभग 10,000 घरों को नुकसान पहुंचा है। रिपोर्ट के मुताबिक सनसेट की आग पर काबू पा लिया गया है। मगर हर्स्ट में आग ने 771 एकड़ में सबकुछ तबाह कर दिया है। केनेथ में 959, ईटन में 13,690 और पैलिसेड्स में आग ने 19,978 एकड़ भूमि में मौजूद सबकुछ स्वाहा कर दिया है। अब तक लगभग 35,000 एकड़ जंगल जल चुके हैं। यह क्षेत्रफल मैनहट्टन के आकार का लगभग ढाई गुना है। दक्षिणी कैलिफोर्निया के जंगलों में लगी आग के बारे में तथ्य-आधारित डेटा तक जनता की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए अभी-अभी एक नई साइट शुरू की है।

### अफवाह पर ध्यान न देने की अपील

इस बीच कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूजॉम ने लोगों को दक्षिणी कैलिफोर्निया के जंगल की आग लगने की अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की। एक्स पर उन्होंने लिखा कि बहुत गलत सूचनाएं हैं।

## बाइडन-नेतन्याहू ने की गाजा युद्धविराम समझौते पर चर्चा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति बाइडन ने लेबनान में युद्धविराम, सीरिया में असद शासन के पतन और क्षेत्र में ईरान के प्रभाव में बदलाव के बाद बदली हुई क्षेत्रीय परिस्थितियों पर भी प्रकाश डाला। इस दौरान उन्होंने गाजा में युद्धविराम, बंधकों की रिहाई और मानवीय सहायता बढ़ाने पर भी जोर दिया। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने रविवार को इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बंधकों की रिहाई और गाजा युद्धविराम समझौते पर बातचीत की। व्हाइट हाउस ने रविवार (स्थानीय समयानुसार) को जारी बयान में कहा कि बाइडन ने समझौते के बारे में चल रही वार्ता की प्रगति के बारे में भी नेतन्याहू से जानकारी ली।

# सीमा पर कांटेदार तारबंदी को लेकर भारत-बांग्लादेश में तनातनी बढ़ी

**ढाका।**



प्रधानमंत्री शेख हसीना के अपदस्थ होने के बाद अब सीमा पर बाड़ लगाने को लेकर भारत-बांग्लादेश के बीच तनातनी बढ़ गई है। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने रविवार को भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया। बांग्लादेश के विदेश सचिव मोहम्मद जशीम उद्दीन ने विदेश मंत्रालय में भारतीय उच्चायुक्त वर्मा के साथ बैठक के दौरान हाल के सीमा तनाव को लेकर बांग्लादेश की ओर से गहरी चिंता व्यक्त की।

**भारतीय उच्चायुक्त को बुलाकर जताई चिंता**

यह घटनाक्रम बांग्लादेश द्वारा यह आरोप लगाए जाने के कुछ घंटों बाद सामने आया है कि भारत द्विपक्षीय समझौते का उल्लंघन करते हुए भारत-बांग्लादेश सीमा पर पांच स्थानों पर तारबंदी की कोशिश कर रहा है। सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस ने पहले अपनी खबर में बताया था कि वर्मा को विदेश मंत्रालय ने सीमा पर बढ़ते तनाव पर चर्चा करने के लिए तलब किया था। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी प्रेस वक्तव्य में हालांकि इस शब्द का इस्तेमाल नहीं किया गया। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा- 'विदेश सचिव राजदूत मोहम्मद जशीम उद्दीन ने आज विदेश मंत्रालय स्थित अपने कार्यालय में भारत के उच्चायुक्त प्रणय वर्मा के समक्ष बांग्लादेश-भारत सीमा पर भारतीय सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की हाल की गतिविधियों को लेकर बांग्लादेश सरकार की ओर से गहरी चिंता जताई।' बीएसएस की खबर के अनुसार, वर्मा दोपहर लगभग तीन बजे विदेश मंत्रालय पहुंचे। विदेश सचिव के साथ उनकी मुलाकात लगभग 45 मिनट तक चली। वर्मा ने बैठक के बाद मीडिया से कहा-'मैंने विदेश सचिव से मुलाकात कर अपराध मुक्त सीमा सुनिश्चित करने, तस्करी, अपराधियों की आवाजाही और मानव तस्करी की चुनौतियों से प्रभावी तरीके से निपटने संबंधी भारत की प्रतिबद्धता पर चर्चा की।'

# पीएम मोदी आज करेंगे जेड मोड़ टनल का उद्घाटन



**जम्मू।**

सुबह 10 बजे सोनमर्ग से पहले शुटकड़ी नामक स्थान पर प्रधानमंत्री जेड मोड़ टनल का उद्घाटन करेंगे। इस दौरान जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज गांदरबल से लेह तक सुगम यात्रा की सौगात देंगे। सुबह 10 बजे सोनमर्ग से पहले शुटकड़ी नामक स्थान पर प्रधानमंत्री जेड मोड़ टनल का उद्घाटन करेंगे। इस दौरान जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी मौजूद रहेंगे। पीएम मोदी के दौरे को लेकर वहां पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। यह परियोजना क्षेत्रीय विकास और कनेक्टिविटी की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।

- **जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी मौजूद रहेंगे।**

इसके बनने से जन्मू-कश्मीर में सोनमर्ग को पर्यटन के लिहाज से विकसित करने में मदद मिलेगी। टनल 6.5 किलोमीटर लंबी है।

सुरंग के उद्घाटन से पहले गांदरबल जिले समेत पूरी घाटी में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। टनल को स्पेशल प्रोटेक्शन फोर्स (एसपीजी) के साथ पीएम की सुरक्षा टीम ने सुरक्षा घेरे में ले लिया है। कार्यक्रम स्थल को आम लोगों की आवाजाही के लिए बंद कर दिया गया है। जगह-जगह शार्प शूटर तैनात किए गए हैं। ड्रोन से निगरानी की जा रही है। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त चौकियां स्थापित कर सुरक्षा कर्मियों की तैनाती बढ़ा दी है।

## भारत मंडपम में पीएम मोदी ने कहा

# देश के नौजवानों को बताया अपना परम मित्र

**नई दिल्ली।**



प्रधानमंत्री ने कहा कि उनका देश के नौजवानों के साथ परम मित्र वाला नाता है और मित्रता की सबसे मजबूत कड़ी होती है विश्वास। उन्होंने कहा, मुझे आप पर बहुत विश्वास है और इसी विश्वास ने मुझे माय भारत के गठन की प्रेरणा दी। मेरा विश्वास कहता है कि युवा शक्ति का सामर्थ्य भारत को जल्द से जल्द विकसित राष्ट्र बनाएगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को दिल्ली के भारत मंडपम में विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025 को संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने विश्वास जताया कि युवा शक्ति का सामर्थ्य ही भारत को जल्द से जल्द विकसित राष्ट्र बनाएगा। इतना ही नहीं पीएम मोदी ने युवाओं से कहा कि बड़े सपने देखना, एक मजबूत प्रतिबद्धता बनाना और एक निर्धारित समयसीमा के भीतर उन सपनों को प्राप्त करना पूरी तरह से संभव है। विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025 को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, किसी भी देश की प्रगति के लिए, उसे महत्वपूर्ण लक्ष्यों को प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। एक लक्ष्य के बिना जीवन अकल्पनीय है! लक्ष्य हमें उद्देश्य और प्रेरणा प्रदान करते हैं। जब हम महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित करते हैं, तो हम उन्हें पूरा करने के लिए अथक प्रयास करते हैं। आज भारत इसी भावना को मूर्त रूप दे रहा है। मोदी ने कहा कि विकसित भारत यानी जो आर्थिक, सामरिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से सशक्त होगा, जहां अर्थव्यवस्था भी बुलंद होगी और पारिस्थितिकी भी समृद्ध होगी। उन्होंने कहा, जहां अच्छी कमाई और पढ़ाई के ज्यादा से ज्यादा अवसर होंगे।

# चुनाव नियमों में संशोधन के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयराम रमेश की उस याचिका पर सुप्रीम कोर्ट बुधवार को सुनवाई करेगा जिसमें 1961 के चुनाव नियमों में संशोधन को चुनौती दी गई है।

इस संशोधन के जरिये सीसीटीवी फुटेज जैसी चुनाव सामग्री तक सार्वजनिक पहुंच को प्रतिबंधित कर दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड सूची के अनुसार, प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और



जस्टिस संजय कुमार की पीठ इस मामले पर सुनवाई करेगी। शीर्ष अदालत में 24 दिसंबर को दायर याचिका में कांग्रेस महासचिव रमेश ने दलील दी कि आयोग को 1961 के चुनाव नियमों में इस तरह एकतरफा और बिना सार्वजनिक परामर्श के संशोधन की अनुमति नहीं दी जा सकती। राज्यसभा सदस्य जयराम रमेश ने कहा कि आयोग की सिफारिशों के बाद 21 दिसंबर को पेश इस संशोधन ने चुनावी प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने वाली आवश्यक जानकारी तक सार्वजनिक पहुंच को खत्म कर दिया है।

# 14 जनवरी की रात से बिगड़ेगा मौसम

**नई दिल्ली।**

उत्तर पश्चिम भारत में अगले दो दिनों तक घने कोहरे की चेतावनी भारत मौसम विज्ञान विभाग (कटऊ) ने जारी की है। उत्तर और मध्य भारत में अभी लोगों को भीषण ठंड से राहत मिलने वाली नहीं है।

14 जनवरी की रात से एक नया पश्चिम विक्षोभ मौसम को प्रभावित करेगा। इस वजह से लोगों को अगले दो दिनों तक बारिश के साथ ठंड का सामना करना पड़ेगा। उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में अगले 48 घंटों में न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की कमी के आसार हैं। 13 जनवरी यानी आज पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश और दिल्ली में घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। 14 जनवरी को पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा और दिल्ली में घने कोहरे का प्रकोप जारी रहेगा। मौसम विभाग के मुताबिक एक पश्चिम विक्षोभ इन दिनों पंजाब के ऊपर सक्रिय है। 14 जनवरी की रात से दोबारा मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा और यह सिलसिला 16 जनवरी तक जारी रहेगा।

### इन क्षेत्र में गिरेगा पारा

मौसम विभाग के मुताबिक उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में अगले 48 घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट की संभावना है। इसके बाद तीन दिनों तक तापमान 2-4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है। वहीं अगर पश्चिम भारत की बात करें तो अगले 24 घंटों में न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होगी।



## संपादक की कलम से

### जहरीला भूजल

हरित क्रांति के अगुआ बनकर देश के खाद्यान्न संकट दूर करने वाले राज्य पंजाब व हरियाणा का भूजल चिंताजनक स्तर तक दूषित पाया गया है। धान व अन्य फसलों की बंपर पैदावार के लिये भूजल का अंधाधुंध दोहन करने वाले इन राज्यों का भूजल का स्तर उस गहराई तक जा पहुंचा है, जहां उसमें यूरेनियम जैसे घातक पदार्थों की मात्रा गंभीर स्थिति तक जा पहुंची है।


ललित शर्मा
संपादक

पूरे देश में भूजल की गुणवत्ता की जांच के लिये लिये गए बीस फीसदी सैंपल निर्धारित कसौटी पर खरे नहीं उतरे हैं। इन सैंपलों में नाइट्रेट का स्तर सीमा से अधिक मिला है। पानी की गुणवत्ता को लेकर केंद्रीय भूजल बोर्ड की सालाना रिपोर्ट गंभीर चिंताओं का खुलासा करती है। जहां अरुणाचल, मिजोरम, मेघालय, जम्मू– कश्मीर आदि के सौ फीसदी सैंपल भारतीय मानक ब्यूरो के मानकों पर खरे उतरे हैं, वहीं पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उ.प्र. तथा आंध्र प्रदेश में पानी बड़े पैमाने पर प्रदूषित मिला है। देश में कुल 15,259 भूजल निगरानी स्थानों का चयन पानी की क्वालिटी नापने के लिये किया गया। मगर पंजाब के पानी के नमूने में मिले घातक तत्व चिंता बढ़ाने वाले हैं। पंजाब के भूजल में तीस फीसदी सैंपलों में अधिक यूरेनियम पाया गया। फिक्र की बात यह है कि पंजाब व राजस्थान यूरेनियम प्रदूषण के मद्देनजर हॉट स्पॉट हैं। दरअसल, यूरेनियम के अधिक प्रदूषण का मुख्य कारण भूजल का अत्यधिक दोहन है। जो भूजल स्रोत अधिक यूरेनियम वाले क्लस्टर हैं, वे अति दोहित, गंभीर व अर्धगंभीर श्रेणी वाले इलाके हैं। वास्तव में भूजल के अंधाधुंध दोहन से पानी का स्तर उस स्थान तक जा पहुंचा है, जहां पानी में यूरेनियम अधिक है। जो कि कैंसर जैसी अनेक गंभीर बीमारियों का कारण बनता जा रहा है। हाल के वर्षों में पंजाब के कई इलाकों में कैंसर के अधिक मामले सामने आए हैं। यहां तक कि पंजाब से राजस्थान रोगियों को इलाज के लिए ले जाने वाली ट्रेन को कैंसर ट्रेन तक कहा जाता रहा है। निश्चित रूप से केंद्रीय भूजल बोर्ड की यह रिपोर्ट चिंता बढ़ाने वाली है। हमने मुनाफा बढ़ाने के लिये जिस भूजल का अंधाधुंध दोहन किया है वह अब अपना नकारात्मक प्रभाव दिखाने लगा है। निश्चित रूप ने कुदरत ने हमें आवश्यकता का जल तो दिया है लेकिन उसके अनियंत्रित दोहन की अनुमति नहीं दी है। पंजाब बड़े पैमाने पर धान की खेती करता रहा है। हालांकि, पंजाब के भोजन में चावल प्राथमिक नहीं रहा है। लेकिन व्यावसायिक हितों की पूर्ति के लिये धान की खेती को प्रश्रय दिया गया। इस खेती की वजह धान की फसल पर न्यूनतम समर्थन मूल्य का मिलना भी है। अब किसानों को फसलों के विविधीकरण के लिये प्रेरित किया जाना चाहिए।

मिताली ममता शर्मा

## महाकुंभ बुला रहा...

कविता

महाकुंभ है ,महाकुंभ है,
महाकुंभ है,
चारों ओर यह धुन गा रहा।
धरती–गगन में खुशी छा
रहा,
चलो महाकुंभ बुला रहा।

जहां साधु संत सब एक
साथ,
वह पावन पर्व आ रहा।
सब भेदभाव मिटा रहा,
चलो महाकुंभ बुला रहा।

12 वर्षों के बाद देखो,
यह कुंभ है आ रहा।
बिना सोचे समझे चलो,
ये महाकुंभ बुला रहा।

144 वर्षों के बाद ये ,
ऐसा शुभ संयोग बना रहा।
सनातन का परचम लहराए,
देखो महाकुंभ बुला रहा।

कण–कण में जहां शिव
बसे,
वह अति शुभ घड़ी अब आ
रहा।
धाम त्रिवेणी नाथ ,
देखो महाकुंभ बुला रहा ।
महाकुंभ लगा है वहा पर,
जहां संगम का धार है।
पुण्य पाप का मेल यहां पर,
यही मोक्ष का द्वार है।

हा! महाकुंभ प्रयागराज है,
गंगा ,यमुना और सरस्वती।
का यहां तो तीर्थराज है,
हां! वही प्रयागराज है ।

है देखो यह महापर्व आया,
वसुंधरा पर अमृत लाया।
संतों ने जय घोष लगाया,
महाकुंभ में डुबकी लगाया।

मिलेगा ना मौका बार–बार,
चलो चले भोले के द्वारा।
महापर्व आया है तो,
चलो नहा ले एक बार।

महाकुंभ वही नगरी है,
जहां बहती है अमृत धारा।
यह पुण्य घड़ी की दस्तक
है,
देखो महाकुंभ बुला रहा।


तो आओ गीता का सार ले,
धर्म का आगाज ले।
धर्म ध्वजा हाथ ले,
सारे सनातनी महाकुंभ
चले।

महाकुंभ में डुबकी लगाकर,
पुण्य ले और दान करें।
तिलकुट ,लाई, दही–चुरा
खाकर
खिचड़ी की शुरूआत करें।
चलो महाकुंभ चले....

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

महाकुंभ विशेष




# महाकुंभ का अमृत कुंभ से क्या है संबंध ?

## जानें इससे जुड़ी पौराणिक कथा

हिंदू सनातन धर्म में कुंभ मेले का विशेष धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व माना गया है। यह पर्व करोड़ों श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करता है और सनातन संस्कृति की महानता को दशार्ता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार करोड़ों वर्ष पूर्व देवताओं और असुरों के बीच समुद्र मंथन के दौरान जो अमृत कुंभ निकला था, उस अमृत कुंभ से कुछ बूंदें पृथ्वी पर गिर गई थीं। जिन स्थानों पर यह अमृत की बूंदे गिरी थी, उन्हीं स्थानों पर हर 12 वर्ष में कुंभ मेले का आयोजन किया जाता है। उन स्थानों में प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक प्रमुख स्थान हैं, जहां कुंभ का आयोजन किया जाता है। वर्ष 2025 में यह महापर्व प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित होने जा रहा है।

### महाकुंभ में नहीं खोएगा अब एक भी बच्चा

महाकुंभ 2025 की तैयारियों के बीच बच्चों के खोने की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए, भारतीय रेलवे ने प्रयागराज रेलवे स्टेशनों पर बाल अधिकार डेस्क बनाने का निर्णय लिया है, यहां विशेष अधिकारी बच्चों की मदद करेंगे, जो माता-पिता से बिछड़े या रास्ते में भटके बच्चों को तुरंत सहायता प्रदान करेंगे, इसके अलावा चाइल्ड हेल्प लाइन 24 घंटे काम करेगी, जिससे श्रद्धालुओं के लिए महाकुंभ यात्रा सरल और सुरक्षित बनी रहे। इन नियमों का पालन करने से आप महाकुंभ में स्नान करते हैं, तो आपको कई तरह के लाभ मिलते हैं और जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहती है. हालांकि इससे आपको आध्यात्मिक रुप से भी विकास करने में मदद मिलेगी।



### महाकुंभ 2025 में 82 देशों के मीडिया का होगा कवरेज

महाकुंभ 2025 तीर्थराज प्रयागराज में एक अद्वितीय आध्यात्मिक उत्सव होगा, जहां सनातन धर्म की पवित्र परंपराओं के साथ डिजिटल तकनीकी प्रगति का संगम देखने को मिलेगा। इस आयोजन को कवर करने के लिए 82 देशों के मीडिया समूह उत्सुक हैं, जिनका आगमन 11–12 जनवरी तक होगा। एडीएम मेला ने मीडिया शिविर और सेंटर की तैयारी की जानकारी दी है। कुंभ मेला हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन है, जो हर तीन साल में चार प्रमुख स्थानों पर होता है, प्रयागराज, नासिक, हरिद्वार और उज्जैन अर्धकुंभ हर छह साल में केवल प्रयागराज और हरिद्वार में होता है, और पूर्णकुंभ हर 12 साल में एक बार आयोजित होता है जिसका स्थान ज्योतिषीय गणना के आधार पर तय किया जाता है।

### करोड़ों रुद्राक्ष और 11 हजार त्रिशूल से द्वादश ज्योतिर्लिंग का होगा श्रृंगार

वर्ष 2025 का महाकुंभ भव्यता और आस्था का संगम होगा, 5.51 करोड़ रुद्राक्ष और 11,000 त्रिशूल से द्वादश ज्योतिर्लिंग का शृंगार होगा। मौनी बाबा शिविर में विशेष यज्ञ और सवा करोड़ दीपक जलाए जलाएंगे, सुरक्षा के लिए कोरस कमांडो तैनात की तैनाती की गई हैं।


कुंभ मेला की शुरूआत 13 जनवरी से हो रही है

### कुंभ में अलग-अलग अखाड़े

कुंभ मेला 2025 की शुरूआत 13 जनवरी से हो रही है, कुंभ में अलग-अलग अखाड़े होते हैं और हर अखाड़े में तरह-तरह के साधु संत आते हैं। जिनको देखने के लिए श्रद्धालु उनके अखाड़े में पहुंचते हैं, वहां आ रहे अजब-गजब साधुओं में एक हाथ वाले बाबा भी शामिल होते हैं, इनका नाम महंत महाकाल गिरी होता है, जो लंबे समय से हठ योग करते आ रहे हैं, इन्होंने अपना एक हाथ त्याग दिया है और उसे हमेशा ही ऊपर खड़ा रखते है। तपस्या के लिए इन्होंने अपना एक हाथ निर्जीव कर दिया है।



### पवित्र नदी में डुबकी लगाने से पहले जरूर करें ये तीन काम

- **पहला नियमः** यदि आप भी महाकुंभ में डुबकी लगाने जाने वाले हैं, तो इस बात का ध्यान रखें कि गृहस्थ्य लोग 5 डुबकी लगाएं. पौराणिक धार्मिक मान्यताओं के अनुसार जब गृहस्थ्य लोग महाकुंभ में 5 बार डुबकी लगाते हैं तो कुंभ स्नान पूरा माना जाता है।
- **दूसरा नियमः** महाकुंभ के दौरान कभी भी नागा साधुओं से पहले डुबकी ना लगाएं, क्योंकि महाकुंभ के दौरान सबसे पहले नागा साधु स्नान करते हैं और डुबकी लगाते हैं, फिर अन्य लोग डुबकी लगाते हैं। इसलिए अगर आप भी पवित्र नदी में नागा साधुओं के स्नान के बाद ही स्नान करें वरना ये नियमों का उल्लंघन व धार्मिक दृष्टि से अच्छा नहीं माना जायेगा व शुभ फलों की प्राप्ति भी नहीं होगी।
- **तीसरा नियमः** महाकुंभ में पवित्र नदी में स्नान के बाद अपने दोनों हाथों से सूर्यदेव को अर्घ्य जरुर दें, यह अर्घ्य आपकी कुंडली में सूर्य की स्थिति को मजबूत भी करता है साथ ही ऐसा करने से आपको शुभ फलों की भी प्राप्ति होगी।

### 'एंबेसडर कार' वाले बाबा की क्यों है चर्चा ? 'टार्जन बाबा' के नाम से भी लोकप्रिय

महाकुंभ के लिए बाबाओं का प्रयागराज पहुंचना जारी है। इसी क्रम में प्रयागराज में एंबेसडर बाबा भी पहुंचे हैं। एंबेसडर कार वाले बाबा को टार्जन बाबा कहकर भी लोग बुलाते हैं। बाबा का असली नाम महंत राजगिरी नागा बाबा है और वह मध्य प्रदेश के इंदौर के रहने वाले हैं। वह अपने साथ एक एंबेसडर कार लेकर चलते हैं और उसी में रहते भी हैं। उनकी कार काफी चर्चा का केंद्र बनी हुई है।

## पीएम मोदी की वोकल फॉर लोकल की बात की


# मोबाइल कंपनी सैमसंग उड़ा रही धज्जियां

**वेलकम इंडिया**

**नई दिल्ली।** एक तरफ देश में जहाँ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वोकल फॉर लोकल की बात करते हैं, तो वहीं मोबाइल कंपनी सैमसंग इस आह्वान की धज्जियां उड़ा देती हैं।

हालांकि मोबाइल डीलर्स ने हर तरफ से एडजस्ट करने की कोशिश की, लेकिन सैमसंग सभी सीमाओं को लाँघ रहा है। जिसके चलते अब सभी मोबाइल रिटेलर्स ने आल इंडिया मोबाइल रीटेलर एसोसिएशन के बैनर तले एक बड़ा फैसला लिया है। 15 जनवरी को सैमसंग का सारा स्टॉक डिस्ट्रीब्यूटर्स के ऑफिस में वापस करने का!

एसोसिएशन के पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष कुलवंत शर्मा ने बताया कि सैमसंग ने उनके व्यापारियों को मानसिक और आर्थिक तौर पर प्रताड़ित किया है। सैमसंग कंपनी ने विदेशी कंपनियों के साथ साठ-गाठ करके देश के व्यापारियों को मारने का काम किया है। सैमसंग कंपनी विदेशी ई-कॉमर्स वेबसाइट पर एक्सक्लूसिव मॉडल सेल कर रही है, जबकि रिटेलर्स को यही मॉडल उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं।



रिटेल में कुछ मॉडल न देकर कस्टमर को डायरेक्टली ई-कॉमर्स वेबसाइट पर ले जाना, यह धोखा है रिटेल ट्रेड के साथ। एक ही प्रोडक्ट को अलग-अलग चैनल के जरिए अलग-अलग प्राइस पर बेचना, यह धोखा है हमारे कस्टमर के साथ।

एसोसिएशन ने हर स्तर पर यह प्रयास किया कि सैमसंग अपनी कथनी और करनी में बदलाव करे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जिसके चलते अब सभी मोबाइल रिटेलर्स ने एकजुट होकर यह फैसला लिया है कि 15 जनवरी को सैमसंग का सारा स्टॉक डिस्ट्रीब्यूटर्स के




ऑफिस में वापस कर दिया जाएगा।

नितिन बांगिया ने कहा, ?हमने सैमसंग को कई बार मौका दिया, लेकिन उन्होंने हमारी बात नहीं सुनी। अब हमारे पास कोई और विकल्प नहीं बचा है। 15 जनवरी को सैमसंग का सारा स्टॉक वापस करना ही हमारी आखिरी चेतावनी है।

यह फैसला न केवल सैमसंग के खिलाफ एक बड़ा कदम है, बल्कि यह संदेश भी है कि रिटेलर्स अब और ज्यादा अन्याय नहीं सहेंगे।




## लव जिहाद के खिलाफ एक सीधा संदेश: दुर्गा बनो, काली बनो, लेकिन बुर्का वाली मत बनो : साध्वी सरस्वती दीदी

**वेलकम इंडिया/रविन्द्र आर्य**

**नई दिल्ली।** मुख्य वक्ता: साध्वी सरस्वती दीदी, एक प्रसिद्ध आध्यात्मिक वक्ता और विद्वान है। धर्म चर्चा के एपिसोड 14 में, साध्वी सरस्वती दीदी ने एक विशिष्ट सामाजिक और सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य को दशार्ते हुए एक संदेश प्रस्तुत किया। उनके शब्दों का उद्देश्य महिलाओं को अपनी शक्ति, आत्मनिर्भरता और साहस को पहचानने के लिए प्रेरित करना था। दुर्गा और काली जैसे प्रतीकों का उपयोग करते हुए, जो शक्ति, संघर्ष और आत्मरक्षा का प्रतिनिधित्व करते हैं, उन्होंने महिलाओं को अपनी आंतरिक क्षमता और शक्ति का उपयोग करने के महत्व पर जोर दिया।

लव जिहाद के संदर्भ में, हिंदू लड़कियों को अक्सर कुछ समुदायों के व्यक्तियों द्वारा लक्षित करके शोषण का शिकार होना पड़ता है, जो धार्मिक कट्टरता से प्रेरित होकर उन्हें काफिर मानते हैं। हालांकि, ऐसे संवेदनशील विषयों को सामाजिक और सांस्कृतिक जागरूकता के साथ संबोधित किया जाना चाहिए ताकि समावेशिता और सकारात्मक दृष्टिकोण सुनिश्चित किया जा सके। प्रत्येक व्यक्ति को अपना धर्म, पोशाक और जीवनशैली चुनने का

■ जब 'लव जिहाद' जैसे विषयों पर चर्चा की जाती है, तो तथ्यों और सबूतों पर भरोसा करना जरूरी होता है : महंत श्री बालकनाथ योगी

अधिकार है और इन अधिकारों का सम्मान करना सामाजिक सद्भाव बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है।

यह धर्म चर्चा सत्र सामाजिक और सांस्कृतिक मुद्दों पर गहन चिंतन की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है। साध्वी सरस्वती दीदी का संदेश महिलाओं को अपनी आंतरिक शक्ति और आत्मनिर्भरता का एहसास करने के लिए प्रोत्साहित करता है। भारतीय संस्कृति में साहस, संघर्ष और न्याय के प्रतीक के रूप में पूजे जाने वाले दुर्गा और काली जैसे प्रतीकों का उपयोग महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें आत्मरक्षा के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए किया जाता है। सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन को बढ़ावा देने के लिए, संवाद और सहिष्णुता को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। विशेष रूप से, कुछ समुदायों में प्रचलित कट्टरता को संबोधित करने के लिए सक्रिय समाधान की आवश्यकता है। हिंदू लड़कियों को ऐसी चुनौतियों का मुकाबला करने और अपनी गरिमा का दावा करने के लिए काली या दुर्गा की भावना को अपनाते हुए खड़ा होना चाहिए।

इस बातचीत का समर्थन करते हुए हरियाणा के रोहतक स्थित बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय (बीएमयू) के कुलाधिपति और राजस्थान के तिजारा के विधायक महंत श्री बालकनाथ योगी ने तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर लव जिहाद पर चर्चा करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसी चचाएँ सामाजिक चेतावनी के रूप में काम करनी चाहिए, न कि किसी समुदाय या धर्म के खिलाफ नफरत भड़काने के साधन के रूप में।

महंत श्री बालकनाथ योगी द्वारा इन विचारों का समर्थन समाज में धर्म, संस्कृति और नैतिकता से जुड़े मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता को रेखांकित करता है। हालाँकि, यह सुनिश्चित करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि ये चचाएँ समाज में सद्भाव और सहिष्णुता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित की जाएँ। सामाजिक समस्याओं का समाधान संवाद, सहिष्णुता और समन्वय के माध्यम से किया जा सकता है। हर समुदाय को दूसरों के धर्म, पहनावे और जीवनशैली का सम्मान करना चाहिए।



## पुलिस प्रशासन-पत्रकार एकादश के बीच मैच में एसएसपी ने की दमदार बल्लेबाजी

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** ब्रज प्रेस क्लब द्वारा अमर नाथ स्कूल के ग्राउंड पर आयोजित पुलिस प्रशासन पत्रकार एकादश के मध्य आयोजित मैत्री क्रिकेट मैच में प्रशासन ने एक बार फिर पत्रकारों को हराकर विजेता ट्रॉफी हासिल की। इस सद्भावना मैच में डीआईजी शैलेश कुमार पांडे 77 रन बनाकर नॉट आउट रहे। उन्हें मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने मैच के समापन पर कहा कि पत्रकार खेल में हारे जरूर है परन्तु सभी का दिल जीत लिया।

मैच में ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष एवं पत्रकार एकादश के कप्तान डॉ कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट एवं पुलिस प्रशासन के कप्तान डीआईजी शैलेश कुमार पांडे के मध्य टॉस उछाला गया। पुलिस एकादश ने टॉस जीत कर पहले बैटिंग करने का फैसला लिया। 15 ओवर के मैच में पुलिस प्रशासन ने पत्रकार एकादश को 194 रन का बड़ा स्कोर टारगेट दिया। पत्रकार एकादश की पूरी टीम मुकाबला करते हुए 77 रन पर आउट हो गई। पवन नवरत्न रिटायर्ड हर्ट रहे।

पुलिस प्रशासन की ओर से एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय और शैलेन्द्र कुमार होमगार्ड कमाडेंट ने खेल की शुरूआत की। एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय ने 77 रन और शैलेन्द्र कुमार 20 रन जोड़ते हुए 194 रन का लक्ष्य पत्रकार एकादश को दिया। नगर आयुक्त शशांक चौधरी चार रन बनाकर आउट हुए। पत्रकार की ओर से अमित मुदगल, मदन गोपाल शर्मा ने शानदार पारी की शुरूआत करते हुए 26 रन की भागीदारी निभाई। अमित मुदगल के आउट होने पर पत्रकार एकादश की टीम बिखर गई। प्वीर नारायण शर्मा ने 16 रन पवन आनंद ने एक छक्का देकर पारी को संभालने का प्रयास किया, लेकिन वह भी आउट हो गए. दिलीप चतुवेर्दी ने दो चौके लगाकर 9 रन बनाए। निर्धारित 15 ओवर पूरे होने के चलते पुलिस एकादश की टीम ने 117 रन से जीत हासिल की। तहसीलदार महावन सुनील कुमार को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज के खिताब से नावाजा गया। पत्रकार एकादश के खिलाडी पवन आंनद को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्र रक्षक का खिताब दिया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह, डीआईजी शैलेश कुमार पांडेय, नगर आयुक्त शशांक चौधरी, एएसपी गोल्डी गुप्ता, एसपी ट्रैफिक मनोज यादव एसपी ट्रैफिक मनोज यादव, सीओ सिटी भूषण वर्मा, तहसीलदार सुशील कुमार, होमगार्ड के कमांडेंट डॉ,शैलेंद्र सिंह, सी ओ ट्रेनिंग आलोक कुमार, पीआरओ अजय किशोर, एसओ रिफाइनरी सोनू सिंह, पुलिस प्रशासन टीम के कोच चांद खान आदि प्रमुख रहे, एवं पत्रकार टीम में डॉ कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट अमर उजाला जिला प्रभारी अमित मुद्गल दैनिक जागरण जिला प्रभारी विनीत मिश्रा हिंदुस्तान जिला प्रभारी दिलीप चतुवेर्दी पवन नवरत्न राजपथ मदन गोपाल शर्मा नितिन गौतम परवेज अहमद गोविंद भारद्वाज गौरव चौधरी राकेश पचौरी कन्हैया उपाध्याय अनूप शर्मा आदि रहे।

## बरेली-नैनीताल हाईवे पर गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, लगा जाम

**बरेली।** बरेली-नैनीताल हाईवे पर कस्बा देवरनियां में कोतवाली के पास रविवार को एक बड़ा हादसा होने से बच गया। गन्ने से लदी एक टैक्टर-ट्राली पलटने से हाईवे आधे घंटे तक जाम रहा। दरअसल बरेली-नैनीताल हाईवे पर ओवरलोड वाहन बेखौफ होकर रफ्तार भरते देखे जा सकते हैं। हाईवे किनारे स्थित कोतवाली देवरनियां के सामने से ही तेज रफ्तार में गुजर जाते हैं। मगर पुलिस सब कुछ देखकर भी अनदेखा कर मूक दर्शक बनी रहती है। रविवार दोपहर जब ये हादसा हुआ तब भी यही कुछ ऐसा ही नजर आया प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक गन्ने लदी एक टैक्टर-ट्राली देवरनियां कोतवाली से चंद कदक दूरी पर रेलवे फाटक के सामने डिवाइडर पर चढ़कर पलट गई। गनीमत रही कि पास से कोई बड़ा वाहन नहीं गुजर रहा था, न ही कोई मौजूद था, वरना ये घटना बड़े हादसा में भी तब्दील हो सकती थी।

## पत्रकारिता, लोगों को आवाज देती है और उन्हें अपने अधिकारों और हितों के लिए आवाज उठाने में मदद करती है: मजहर आजाद

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** रविवार को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील खलीलाबाद के तत्वाधान में सेमरियावा ब्लाक सभागार में ग्रामीण पत्रकार की चुनौतिया और दायित्व विषय पर कार्यशाला और विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रधानों और समाजसेवियों को भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार मजहर आजाद ने बतौर मुख्य अतिथि अपने सम्बोधन में पत्रकारों के समक्ष उत्पन्न समस्याओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता, लोगों को आवाज देती है और उन्हें अपने अधिकारों और हितों के लिए आवाज उठाने में मदद करती है। पत्रकारिता, लोगों को जन रुचि से जुड़े विषयों पर सटीक और निष्पक्ष जानकारी देती है. इससे लोगों को दुनिया को समझने और उसमें हिस्सा लेने में मदद



मिलती है। पत्रकारिता, लोकतंत्र को मजबूत करती है और अभिव्यक्ति की आजादी की रक्षा करती है। उन्होंने पत्रकारों को खबरों के संकलन के लिए जरूरी टिप्स दिए।

विशिष्ट अतिथि प्रशिक्षु सीओ/थानाध्यक्ष प्रियम राज शेखर पाण्डेय ने कहा कि पत्रकारिता, समाज की गतिविधियों का दर्पण है। लोगों को सशक्त बनाती है और सामाजिक न्याय को बढ़ावा देती है लोगों को आपातकालीन स्थिति और आपदा प्रबंधन से जुड़ी जानकारी देती है। लोगों को उन विचारों और संदेशों से प्रभावित करती है जिनसे उनका व्यवहार और दृष्टिकोण बनता है। इसलिए खबरों के संकलन में ध्यान देने की जरुरत है। इस दौरान जिलाध्यक्ष सौरभ त्रिपाठी ने कहा कि पत्रकारों के मान सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जायेगा। सभी पत्रकारों का बीमा कराया गया है। जल्द ही हेल्थ कार्ड भी बन जायेगा।

इस अवसर पर मण्डल वरिष्ठ उपाध्यक्ष जफीर अली करखी, मण्डल प्रवक्ता/ मीडिया प्रभारी मुहम्मद परवेज अख्तर, मण्डल मंत्री महेन्द्र श्रीवास्तव, जिला महामंत्री मुहम्मद आफताब आलम अंसारी, सत्यप्रकाश वर्मा, मनव्वर हुसैन, सुभाष मणि त्रिपाठी, तहसील अध्यक्ष अतहरूल बारी, महबूब पठान, अविनाश जयसवाल, शफीक अहमद, नूर आलम, टीएच सिद्दीकी, जावेद अहमद, एजाज अहमद, आफताब अहमद, शिवानंद चंचल, अतीक अहमद, खुर्शीद आलम, गुलाम हुसेन, सलीम उमर, गिरीश चन्द्र गुप्ता, सद्दाम हुसैन, विनोद भारद्वाज, हरिओम चौधरी, अनिल मौर्या आदि मौजूद रहे।

### इन्हें किया गया सम्मानित

ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील खलीलाबाद ने सेहुडा ग्राम प्रधान अफजाल अहमद , चंगेरा मंगेरा प्रधान प्रतिनिधि शेषनाथ यादव, दुधारा प्रधान अब्दुल कलाम, करही प्रधान प्रतिनिधि अदील अहमद, बन्नी प्रधान प्रतिनिधि शकील अहमद और समाजसेवी रिजवान मुनीर को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया।

## भ्रष्टाचार खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करें सदस्य : कृष्ण चन्द्र यादव



**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** अखिल भारतीय भ्रष्टाचार निरोधक समिति का उद्देश्य सरकार की खिलाफत करना नहीं बल्कि विकास कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन और आवश्यक सेवाओं की निगरानी में प्रशासन का सहयोग करना है।

उक्त बातें जिलाध्यक्ष कृष्ण चन्द्र यादव में सरदार पटेल इंटर कॉलेज बेलवा सेंगर में समिति की बैठक को सम्बोधित करते हुए कहीं।

उन्होंने कहा कि समिति बिना आर्थिक लाभ के अपने समुदाय की सेवा करने हेतु आम जनता को प्रोत्साहित करती है। देशहित में भारतीय संविधान के अनुरूप अच्छी सरकार और अच्छी नागरिकता के सिद्धांत को प्रोत्साहित भी करता है। उन्होंने कहा कि समिति सरकार द्वारा संचालित सामाजिक कार्यों और शिक्षा जगत में भी भरपूर सहयोग भी कर सकती है। उन्होंने सभी सदस्यों से भ्रष्टाचार के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करने की भी अपील की।

इस अवसर पर राधेश्याम यादव, एजाज अहमद, लाल मणि चौधरी, केसी चौधरी, मुहम्मद परवेज अख्तर, अतीक अहमद, माता प्रसाद गिरि, राम प्रकाश सिंह, इजहार अहमद, उमेश कुमार, सुभाष चंद, राम किशोर यादव, संजय सिंह, राजेन्द्र प्रजापति, चन्द्रबली, मुहम्मद उमर, अब्दुल कादिर, पन्ने लाल यादव, संजय मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## पीएमश्री प्राथमिक विद्यालय कपकोट बना सरकारी विद्यालयों के लिए आदर्श

**वेलकम इंडिया**

**कपकोट (बागेश्वर)।** गणेश उपाध्याय, कहते हैं पूत के पांव पालने में ही नजर आने लगते हैं। शिक्षा को ही सब कुछ मानने औ? विद्या विनय देती है। इस भाव से नौनिहालों को ज्ञानवान बनाकर अच्छे राष्ट्र के निर्माण के लिए तैयार करने वाले शिक्षकों की गिनती तो अंगुलियों में ही होती है। इन्हीं में से एक हैं पीएम श्री राजकीय आदर्श प्राथमिक पाठशाला कपकोट के प्रधानाध्यापक ख्याली दत्त शर्मा जिन्होंने प्रदेश ही नहीं अब पूरे देश में अपनी अलग पहचान बना ली है। कहते हैं मन में यदि कुछ करने की तमन्ना हो तो ऊपर वाला भी हर कदम पर सहायता करता है। शर्मा ने अपने निजी प्रयासों से बच्चों के ज्ञानवर्धन के लिए करीब आठ लाख रुपए की लागत से पुस्तकालय भी स्थापित कर दी है।





आदर्श और कठोर परिश्रमी शिक्षक होने के गुण ख्याली दत्त शर्मा को अपने पिता से ही मिले हैं। उनके पिता जगन्नाथ शर्मा राजकीय प्राथमिक पाठशाला से सेवानिवृत प्रधानाध्यापक हैं। केडी शर्मा शैक्षिक योग्यताओं की डिग्री लेने के बाद कुछ समय तक विवेकानंद इंटर कालेज हिचौड़ी कपकोट में कार्यरत रहे। इसके बाद उनकी राजकीय प्राइमरी स्कूल शोभाकुण्ड में पहली तैनाती हुई। वहां भी उन्होंने अनेक कीर्तिमान स्थापित किए। तत्कालीन खंड शिक्षा अधिकारी आकाश सारस्वत ने उनकी कार्य क्षमता की परख की और उन्हें 01 अप्रेल 2016 में राजकीय आदर्श प्राथमिक स्कूल कपकोट की जिम्मेदारी सौंपी। शर्मा ने अपनी कार्यकुशलता के बल पर विद्यालय की कायाकल्प की ठानी। तब पाठशाला में 40 बच्चे पंजीकृत थे। उनकी कड़ी मेहनत से यहां अब 282 बच्चे पंजीकृत हैं। बच्चों के लिए सब कुछ छोड़ चुके शर्मा की कड़ी मेहनत से विद्यालय आज हर क्षेत्र में उन्नति के पथ पर अग्रसर है। इस कार्य में उन्हें सभी शिक्षकों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। शर्मा बताते हैं कि उनके विद्यालय के 30 बच्चे सैनिक स्कूल घोड़ाखाल, 44 बच्चे हिमज्योति स्कूल देहरादून, 62 बच्चे राजीव गाँधी आवासीय विद्यालय बहुली, 13 बच्चे महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स स्कूल देहरादून और आठ बच्चे एकलव्य आवासीय विद्यालय एसटी कैटेगरी में अपनी आगे की पढ़ाई कर रहे हैं। पुस्तकें विद्यार्थियों को शिखर तक पहुंचाने में सच्चे मित्र की भूमिका निभाती हैं। पर प्राइमरी स्कूलों में तो यह तो दिवास्वप्न की तरह ही है। शर्मा ने इस असंभव कार्य को भी संभव कर दिखा दिया है।

गत वर्ष होली पर्व पर विद्यालय के भ्रमण पर पहुंचे राज्य लोक सेवा के प्रदेशाध्यक्ष और पूर्व डीआईजी गणेश मर्तोलिया ने शर्मा को पुस्तकालय के लिए अपनी तरफ से शर्मा 50 हजार रुपए भेंट किए बांकी पैसे शर्मा ने अपने वेतन और कार्यक्रमों के दौरान अभिभावकों से जो भी प्राप्त थोड़े पैसे मिलाकर करीब आठ लाख रुपए की लागत से मनमोहक पुस्तकालय की स्थापना की। इसमें विभिन्न लेखकों द्वारा लिखी डेढ़ हजार से भी अधिक पुस्तकें रखी गईं।

## आनंदमधाम पीठाधीश्वर सद्गुरु श्री ऋतेश्वर महाराज पहुंचे गोवर्धन गिरिराज की शरण में

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/गोवर्धन।** श्री आनंदम धाम पीठाधीश्वर सद्गुरु श्री ऋतेश्वर जी महाराज मध्य रात्रि आर.एन.द्विवेदी (राजू भैया) राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विश्व हिंदू महासंघ भारत, मठ मंदिर प्रकोष्ठ के साथ सनातन पंचांग के अनुसार द्वादशी तिथि,रोहिणी नक्षत्र,पौष शुक्ल पक्ष, दिन शनिवार,विक्रम संवत 2081. 11 जनवरी को सद्गुरु जी प्राकट्य दिवस पर गोवर्धन महाराज की शरण में दानघाटी मंदिर पहुंचे, यहां पहुंचकर उन्होंने गिर्राज गोवर्धन को प्रणाम कर पूजन अर्चन किया। महाराज श्री की गिरिराज महाराज में अद्भुत श्रद्धा है, गिर्राज गोवर्धन साक्षात देवता हैं इनके पूजन से मनुष्य का कल्याण हो जाता है जब तक पृथ्वी पर मैं जिंदा हूं तब तक राष्ट्र की सेवा करता रहूंगा। गिरिराज जी की कृपा से ही विश्व का



सबसे बड़ा सा विद्या या विमुक्तये सनातन विश्वविद्यालय गुरुकुलम बनाने जा रहे हैं। सद्गुरु महाराज समूचे देश के अलावा विदेशों में भी सनातन धर्म संस्कृति व भगवत भक्ति का प्रचार प्रसार कर रहे हैं, गौ गंगा गीता यमुना उनके प्राण आधार हैं, महाराज श्री को राष्ट्रभक्ति सनातन संस्कृति की सेवा गौ सेवा संत बृजवासियों की सेवा में आनंद की अनुभूति होती है। दर्शन के उपरांत पूज्य महाराजश्री एवं आर.एन.द्विवेदी (राजू भैया) को गणेश पहलवान अध्यक्ष व्यापार मंडल ने प्रसाद,दुप्पटा भेंट कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर असिस्टेंट कमिश्नर कुलदीप यादव, दानघाटी सेवाधिकारी मथुरा प्रसाद कौशिक,कन्हैया शर्मा, इंस्पेक्टर गोवर्धन विनोद बाबू मिश्रा, अरुण यादव, आशीष सिंह , पंकज बोहरे, श्याम शर्मा, विष्णु सैनी, दलवीर चौधरी एवम भक्तजन उपस्थित रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में चोर और सिपाही घायल

■ अवैध हथियार और कारतूस के साथ बदमाश गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**नूरपुर।** नूरपुर थाना क्षेत्र के गांव आलमपुर एड़वा में ग्राहक सेवा केंद्र के शटर के ताले तोड़कर चोरी का प्रयास करने वाले आरोपी रविंद्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पैर में गोली लगने से आरोपी रविंद्र एवं हाथ में गोली लगने से आरक्षी सुशील घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नूरपुर थाना क्षेत्र के गांव गोहावर हल्लू निवासी पतराम पुत्र बलबीर ने नूरपुर थाने में तहरीर दी थी कि 10 जनवरी की रात्रि रविंद्र पुत्र रामपाल निवासी ग्राम गोहावर जैत के द्वारा आलमपुर एड़वा स्थित एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र के सटर का ताला तोड़ने का प्रयास किया। ग्राहक सेवा केंद्र स्वामी के मौके पर पहुंचने पर रविंद्र धमकी देते हुए मौके से भाग गया था। बीती रात्रि नूरपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दिनांक 10 जनवरी की रात्रि में एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र आलमपुर एड़वा में नकबजनी का प्रयास करने वाला आरोपी ग्राम गोहावर व आलमपुर एड़वा नहर के पुल से जंगल की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते पर आम के पेड़ के पास बैठा है जो आज भी वही नकबजनी की घटना को अंजाम देने की फिराक में है।

सूचना पर थाना नूरपुर पुलिस मौके पर पहुंची और अभियुक्त को पकड़ने का प्रयास किया उसने पुलिस पर फायर झोंक दिया जो कि कांस्टेबल सुशील कुमार के हाथ के बाजू पर लगी। पुलिस ने आत्मरक्षात्मक जवाबी कार्रवाई में फायर किया तो अभियुक्त रविंद्र के पैर में गोली लग गई जिसे मौके पर ही पुलिस टीम द्वारा घायल अवस्था में हिरासत में लिया गया। नूरपुर पुलिस द्वारा घायल पुलिसकर्मी व अभियुक्त को उपचार हेतु सीएचसी नूरपुर में भर्ती कराया गया। पुलिस मुठभेड़ में घायल अभियुक्त ने अपना नाम रविंद्र पुत्र रामपाल निवासी ग्राम गोहावर जैत बताया।

आरोपी के पास से एक अवैध तमंचा 315 बोर, एक खोखा व एक जिंदा कारतूस 315 बोर तथा एक काले रंग के बैग में नकाबजनी की घटनाओं में प्रयुक्त किए जाने वाले हथोड़ा लोहे का सरिया पलाश व एक छोटी टॉर्च बरामद हुए। थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आमर्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर पूछताछ की। पूछताछ व उसका रिकॉर्ड खंगालने पर पता चला कि आरोपी के खिलाफ हरियाणा व राजस्थान में अलग-अलग थानों में चोरी व डकैती के संगीन मामले में शामिल है। आरोपी की गिरफ्तारी की सूचना संबंधित थानों की पुलिस को दे दी गई है। ताकि उक्त थानों की पुलिस आरोपी को अदालत से प्रोडेक्शन रिमांड पर लेकर अपने मामलों के बारे में पूछताछ कर सके।

## गोधनपुर गांव में जिम्मेदारों की मिलीभगत से दर्जनों पेड़ों पर चला आरा

**लखनऊ।** माल थाना क्षेत्र अंतर्गत गोधनपुर गांव में दर्जनों पेड़ों पर चला आरा, जिम्मेदार बने लापरवाह। राजधानी लखनऊ के सबसे चर्चित मलिहाबाद फलपट्टी क्षेत्र में हरे भरे पेडों की अवैध कटाई ने पर्यावरण को काफी नुकसान पहुंचाया है। लगातार अवैध कटाई ने जहां मानवीय जीवन को प्रभावित किया है, वहीं असंतुलित मौसम चक्र को भी जन्म दिया। पेड़ो की अंधाधुंध कटाई जो पर्यावरण की दृष्टि से अत्यंत चिंताजनक है। कानून और नियमों के बावजूद पेड़ो की कटाई धुआंधार जारी है। जिम्मेदारों की मिलीभगत से हरे पेड़ों को काटा जाता है। लकड़ी ठेकेदार जिम्मेदारों से संपर्क कर कटान को बेधड़क अंजाम देते हैं। ठेकेदार बेरोक टोक के हरियाली पर आरा चला पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे हैं। माल क्षेत्र में जिम्मेदारों की नजरों में पेड़ की कीमत कुछ नही है। जिम्मेदारों की मिलीभगत से लकड़कट्टों द्वारा हरे भरे पेड़ों का कत्ल किया जा रहा है।

# गौरडीह के लोगों ने अतिक्रमण हटाने और जुर्माना लगाने की मांग

वेलकम इण्डिया



**इटवा/सिद्धार्थनगर।** जनपद सिद्धार्थनगर के इटवा तहसील क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत गौरडीह के आधा दर्जन लोगों ने जिलाधिकारी को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर सरकारी जमीन पर कब्जा करके अवैध अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। 10 जनवरी 2025 को जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर को दिये प्रार्थना पत्र में शिकायतकताओं में सोना देवी, फूलचन्द, संतोष कुमार, राममिलन, विजय कुमार, रामनयन, पिन्टू आदि ने बताया कि हम लोगों के ग्राम सभा के कुछ मनबढ़ किस्म के व्यक्तियों द्वारा ग्रामसभा की सम्पत्ति सड़क पर अनाधिकृत रूप से मकान बनाकर कब्जा कर लिया गया है।

अवैध रूप से ग्रामसभा की भूमि पर मकान बनाकर अतिक्रमण करने वालों में करम हुसैन, रईस, मोहरलाल गुरजे, शबनम, सुशीला, फूलमती आदि के खिलाफ तहसीलदार न्यायालय इटवा के से जुमार्ना एवं बेदखली का 22 दिसंबर 2023 को आदेश भी हो चुका है। जिसमें आज तक न तो कोई जुमार्ना अदा किया गया और न ही ग्राम समाज की सम्पत्ति सड़क से अवैध अतिक्रमण हटाया गया। इस विषय को लेकर कई बार जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया गया। जिसमें सम्बन्धित अधिकारियों निर्देशित करने के बावजूद भी आदेश का पालन नहीं किया जा रहा है। गत 06 दिसम्बर 2024 तथा 02 जनवरी 2025 को भी प्रार्थना पत्र के माध्यम से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया तथा पुनः 10 जनवरी 2025 को भी प्रार्थना पत्र दिया गया। परन्तु अभी तक कार्यवाही नहीं हुई है। शिकायतकताओं ने मांग किया है कि सरकारी जमीन अवैध अतिक्रमण को हटाया जायें तथा अतिक्रमणकारियों पर जुर्माना लगाया जायें।

# प्रेम के जाल में फंसा कर युवती को नेपाल ले जाने के फिराक में युवक धराया



**बढ़नी/सिद्धार्थनगर।** जिले के थाना जोगिया से फरार चल रहे अभियुक्त अब्दुल और सिखा को बढ़नी एसएसबी जवानों ने पकड़कर जोगिया पुलिस को सौंपा दिया है। आपको बता दें कि नेपाल निवासी अब्दुल के ऊपर मंजू और सिखा नामक दो लड़कियों को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला जोगिया कोतवाली में दर्ज है। अब्दुल नेपाल के खैरा गांव का निवासी है। वह जोगिया में दुकान लगाकर चाउमीन बेचता था। उसी दौरान मन्जू और सिखा दो लड़कियों को अपनी जाल में फंसाकर भगा ले गया था। रविवार को जब वह नेपाल जाने की फिराक में था कि इसी बीच सिखा और अब्दुल्ला को बढ़नी बॉर्डर पर तैनात एसएसबी के जवानों ने उन्हें रोककर पूछताछ किया। उसके पकड़े जाने की खबर जोगिया पुलिस को दिया गया। मौके पर जोगिया पुलिस के इंस्पेक्टर रमाकान्त यादव बढ़नी पहुंचे और अपने साथ उन दोनों को लेकर जोगिया चले गये। प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ को ध्यान में रखते हुए एसएसबी के जवान सीमा पर सतर्कता बढ़ाए हुए हैं। महाकुंभ की सतर्कता का शिकार हुआ अब्दुला तब हो गया जब 50वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की डी कम्पनी बढ़नी प्रभारी सहायक कमाण्डेंट उमेश जाधव, सब इंस्पेक्टर महेश कुमार, हवलदार रंजीत कुमार यादव, कांस्टेबल विकास यादव आदि आने जाने वाले लोगों पर अपनी निगाह रखे हुए थे।

# चेयरमैन सुनील अग्रहरि ने सभासदों के हाथों से 240 कम्बल गरीबों में किया वितरण

वेलकम इण्डिया



**बढ़नी/सिद्धार्थनगर।** जिले के तहसील प्रशासन शोहरतगढ़.के तत्वाधान में नगर पंचायत बढ़नी के डाक बंगले में चेयरमैन सुनील अग्रहरि एवं सभासदों के हाथों से 240 गरीबों में कम्बल वितरित किया गया। इस दौरान तमाम महिलाओं की संख्या उल्लेखनीय रहीं। रविवार को तहसील प्रशासन द्वारा बढ़नी कस्बे के पीडब्लूडी निरीक्षण गृह के प्रांगण में चेयरमैन सुनील अग्रहरि के सहयोग से 240 गरीबों में कम्बल वितरित किया गया।

कम्बल वितरण के उपरान्त चेयरमैन सुनील अग्रहरि ने कहा कि इस ठंड मौसम के दृष्टिगत तहसील प्रशासन से बढ़नी कस्बे में कम्बल वितरण करने की मैने मांग की थी, जिसके मद्देनजर तहसील प्रशासन द्वारा रविवार को 240 कम्बल गरीबों में वितरण करने के लिए भेजा गया है। उन्होंने कहा कि कम्बल पाकर माताएं और बहनें सभी ने तहसील प्रशासन की प्रशंसा की। वरिष्ठ राजस्व कर्मी (कानूनगो) अवधेश सिंह ने चेयरमैन सुनील अग्रहरि की प्रशंसा करते हुए कहा कि नगर में कम्बल वितरण करवाने में चेयरमैन साहब का विशेष योगदान है। कानूनगो ने क्षेत्र के किसानों को आगाह करते हुए कहा कि सभी किसान अपना-अपना फॉर्मर रजिस्ट्रेशन करा लें, जिससे किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं से लाभान्वित होने में किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न न हो। इस दौरान नगर पंचायत बढ़नी के वरिष्ठ सभासद निजाम अहमद, कन्हैयालाल, लेखपाल सुनील सिंह, ध्रुव चतुर्वेदी, कानूनगो अवधेश सिंह, लेखपाल सुनील सिंह, सभासद निजाम अहमद, सचिन मित्तल, रामराज कन्नौजिया, छोटू ड्राइवर आदि लोग मौजूद रहें।

## मानवता की मिसाल बना मसीह भंडारा

**झांसी।** मानवता की मिसाल बना मसीह भंडारा, भंडारे के माध्यम से सैकड़ो लोगों ने आज अपनी भूख मिटाई आपको बताते चलें कि आज कल कड़ाके की सर्दी के कारण गरीब लोगों को रोजी-रोटी कमाना मुश्किल हो रहा है तथा भोजन ही मनुष्य की बड़ी आवश्यकता है भारत ही एक हमारा ऐसा देश है जहां पर सभी धर्म के लोग एक साथ रहते हैं और इस देश में किसी के साथ भेदभाव नहीं है भारत देश विश्व में एक अपनी पहचान बना चुका है आज जिला अस्पताल के पास सिटी चर्च में आज डीन ऑफ झाँसी रेव्ह.राजेन्द्र सिंह के पुरोहिताई निर्देशन में नव वर्ष के उपलक्ष्य में विशाल भण्डारा एवं विश्व शान्ति के लिए विशेष आराधना आयोजित हुई जिसमें धर्म उपदेश देते हुए डीन ऑफ झाँसी रेव्ह.राजेन्द्र सिंह ने कहा की भंडारे का एक मात्र उद्देश्य है की विश्व में प्रेम एकता और शान्ति स्थापित हो क्यूँकी प्रभु यीशु ने स्वयं दीन दरिद्र निर्धन, असहाय और भूखे-प्यासे लोगों की सेवा की किसी भूखे व्यक्ति को भोजन खिलाना पुण्य कार्य है।

# शालीमार विधानसभा से निर्दलीय उम्मीदवार सौरभ गुप्ता की पद यात्रा में काफी समर्थन मिला



वेलकम इंडिया

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए राजनीतिक पार्टियों ने कमर कस ली है। साल 2013 से राजधानी दिल्ली में अअढ का शासन है। उससे पहले 15 सालों तक कांग्रेस का शासन रहा है। अब भाजपा दो दशकों से अधिक के गैर-भाजपा शासन को समाप्त करने का लक्ष्य बना रही है। शालीमार बाग विधानसभा में पिछले 10 साल से आप पार्टी के विधायक बंदना कुमारी है इस बार इस विधानसभा सीट काफी दिलचस्प देखा जा रहा है, आप पार्टी के पुराने नेता यूथ लीडर जो हमेशा शालीमार बाग विधानसभा से आप पार्टी को सीट जीत दिलाने में अपनी अहम भूमिका निभाते थे, लेकिन इस बार पार्टी के फैसले से नाराजगी जाहिर की और शालीमार बाग विधानसभा से निर्दलीय लड़ने जा रहे है, आज हैदरपुर में उनके चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया गया। साथ ही अपने चुनाव कार्यालय उद्घाटन के बाद हैदरपुर में पद यात्रा निकाला गया जहां सौरभ गुप्ता को भारी समर्थन मिलता दिख रहा है। इस बार वर्तमान विधायक बंदना कुमारी के लिए सीट निकालना आसान नहीं लग रहा है।

# भारतीय रत्न सम्मान से नवाजे गए समाजसेवी साहिल राईनी



**इटवा/सिद्धार्थनगर।** जनपद सिद्धार्थनगर के तहसील इटवा अन्तर्गत ग्राम पंचायत भावपुर मीरा राईनी समाज में जन्मे साहिल राईनी अल्प आयु से ही समाज सेवा में जुट गयें। उन्होंने सामाजहित में कई सामाजिक कार्य किये तथा कोरोना काल में इन्होंने क्षेत्र में जरूरतमन्दों को राहत सामग्री उनके घर तक पहुंचाया। अल्पसंख्यक दलित वंचित पिछड़ा वर्ग के हित में अपनी आवाज उठाने का काम कियें। लगातार 10 वर्षों से सामाजहित के लिए काम कर रहे हैं। इनकी समाज सेवा को देख उत्तर प्रदेश में लखनऊ की संस्था वर्थी वेलनेस फाउण्डेशन के द्वारा भारतीय रत्न सम्मान पुरस्कार से राईनी समाज के युवा समाजसेवी साहिल राईनी को सम्मानित किया गया। युवा समाजसेवी साहिल राईनी ने बताया कि मुझ से जो हो सकेगा वो हर कार्य समाज और देश के लिए करूंगा। क्षेत्रवासियों और मुबारकबाद देने वाले लोगों का आभार व्यक्त किया।

# शराब के नशे में टॉयलेट को लेकर विवाद, मारी गोली



**लखीमपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र में एक गंभीर घटना सामने आई है। देर रात निघासन रोड स्थित अपोलो हॉस्पिटल के पास शराब के नशे में हुए विवाद में गोली चलने से एक युवक घायल हो गया। घटना में फत्तेपुर सैंधरी निवासी रोहित लाल को गोली लगी है। आरोपी मुकेश ठाकुर भी फत्तेपुर का रहने वाला है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोनों के बीच पेशाब करने को लेकर विवाद हुआ था। विवाद इतना बढ़ गया कि मुकेश ठाकुर ने रोहित लाल पर गोली चला दी घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल रोहित लाल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत जांच शुरू कर दी है। आरोपी की गिरफ्तारी और घटना के पीछे के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर आक्रोश है।

## एटीएम बदलकर उड़ाए हजारों रुपए

**मिजार्मुराद(वाराणसी)।** मिजार्मुराद बाजार स्थित बैंक आफ बड़ौदा के एटीएम में रविवार को पैसा निकालने के लिए गई चक्रपानपुर (मिजार्मुराद) गांव निवासिनी युवती जनकनंदिनी को एटीएम में पहले से मुंह बांध कर खड़े दो युवकों ने झांसा देकर एटीएम कार्ड बदल दिया।युवती के हाथ से बैंक आफ बड़ौदा का एटीएम लेकर उसी बैंक का दूसरा एटीएम जालसाज थमा दिये।युवती एटीएम लगाकर पैसा निकालना चाही लेकिन नही निकला।जब युवती घर पहुंची तो युवती के पिता शिवशंकर के मोबाइल पर तीन बार में 25 हजार रुपया निकले का मैसेज आ गया था।युवती पिता के साथ थाने पहुंच अज्ञात जालसाज के खिलाफ लिखित तहरीर दी।पुलिस तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल में जुट गई।

# कंबल वितरण पुनीत कार्य विधायक राजमणि कोल



वेलकम इंडिया

**कोरांव प्रयागराज।** रविवार को क्षेत्रीय विधायक कोराव राजमणि कोल ने अपने गांव में ही निराश्रित , वृद्ध ,विधवा विकलांग गरीबों को कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। कंबल वितरण कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक ने कहा कि इस कड़ाके की ठंड में अधिकांश गरीब लोगों के पास ठंड से बचाव के संसाधन नहीं है। चादर के सहारे रात गुजारते हैं। कोई भी व्यक्ति ठंडक से परेशान ना हो इसके लिए भाजपा सरकार हर वर्ग के निराश्रित गरीब लोगों को कंबल वितरित कर रही है। आगे उन्होंने कहा कि इन लोगों की मदद करने से ही मानव जीवन के मूल्यों को आधार मिलता है, तथा लोगों की आवश्यकताएं भी पूर्ण हो जाती हैं। जिसके लिए हमारे तमाम वेद शास्त्रों में इसका उल्लेख किया गया है। मदद करने व लोगों की आवश्यकताओं के अनुरूप सुविधा देना ही परम कल्याणकारी है। कोरांव क्षेत्र के धौखर गांव में आदि स्थलों पर क्षेत्रीय विधायक ने पहुंचकर दिव्यांगजनों निराश्रित महिलाओं वृद्ध जनों को लगभग 500 कंबल वितरित करते हुए उनका कुशल क्षेम जाना। वृद्ध महिलाओं ने विधायक राजमणि कोल को आशीर्वाद दिया।

# सोशल मीडिया के माध्यम से प्रभारी निरीक्षक ने सीबीगंज क्षेत्रवासियों को किया जागरूक

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** जिले के उच्च अधिकारियों द्वारा प्राप्त दिशा निदेर्शों के क्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना सीबीगंज सुरेश चंद्र गौतम द्वारा सीबीगंज थाना क्षेत्र के सभी ग्राम प्रधानों, ग्राम प्रहैरी, पार्षदों के साथ कोटेदारों और सम्भ्रांत नागरिकों से अपील की है कि किराएदारों के सत्यापन के लिए जिले में एक अभियान चलाया जा रहा है जो मकान मालिकों के लिए भी अच्छा है और किरायेदारों के लिए भी। उन्होंने कहा है कि क्षेत्र के सभी ऐसे मकान मालिक जो अपने मकानो में किरायेदार रखते हैं वह अपने किरायेदारों की सूची बना कर अपने हल्के के कांस्टेबल, हेड कांस्टेबल या उपनिरिक्षक को उपलब्ध करा दें। इसी के साथ एक अन्य अभियान के चलते प्रभारी निरीक्षक गौतम ने क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा कि रोड साइड में बने व्यापारिक प्रतिष्ठानों, स्कूल, कॉलेज, मेडिकल स्टोर, अस्पताल आदि के



संचालकों द्वारा दो-दो सीसीटीवी कैमरे जो दिन और रात दोनों में काम कर सकें, लगवाये जाये। प्रभारी निरीक्षक ने आगे कहा है कि ये सभी जानते हैं कि प्रत्येक वर्ष देश में करीब 2 लाख लोग रोड एक्सीडेंट में मौत के शिकार हो जाते हैं वहीं करीब 4 लाख लोग गंभीर रूप से घायल भी हो जाते हैं, इसको ध्यान में रखते हुए उन्होंने कहा है कि रोड एक्सीडेंट में मृतकों और घायलों की संख्या को कम करने के लिए हमें कुछ सावधानियां बरतनी होंगीं।

### प्रभारी निरीक्षक द्वारा बताई गई सावधानियां

1– हेलमेट का प्रयोग हमेशा करें चांहे दूरी कितनी भी हो लेकिन वाहन चलाते समय हेलमेट अनिवार्य हो, साथ ही दोपहिया वाहनों पर पीछे बैठने वाले व्यक्ति भी हेलमेट का प्रयोग करें।

2– चार पहिया वाहन से चलते समय सीट बेल्ट का प्रयोग जरूर करें, इससे आप और आपका परिवार सुरक्षित रहेगा।

3– रॉन्ग साइड ड्राइविंग कभी न करें, फोर लाइन सड़क पर बाईं ओर भारी वाहन तथा दाएं ओर हल्के वाहन गुजरते हैं इसका भी विशेष ध्यान रखा जाए, साथ ही बैक लाइट का भी प्रयोग किया जाना भी जरूरी होता है इसका भी ध्यान रखा जाए।

4– सर्दियों के मौसम में फोग लाइट का इस्तेमाल अनिवार्य रूप से किया जाना चाहिए। शराब पीकर वाहन ड्राइविंग न की जाए, ओवर स्पीड वाहन न चलाया जाए

## सरकारी अस्पतालों में सप्लाई होने वाली तमाम दवाई मानक के अनुरूप नही



वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** सरकारी अस्पतालों में मेडिकल कॉरपोरेशन से आई एक और दवा को मानक से कम पाया गया है। इस बार विटामिन बी कॉम्प्लेक्स दवा का सैंपल लैब टेस्ट में फेल हो गया। जैसे ही ये रिपोर्ट मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विश्राम सिंह को मिली तो उन्होंने इस दवा के वितरण पर तत्काल रोक लगा दी है। विटामिन बी कॉम्प्लेक्स दवा का सैंपल अक्टूबर 2024 में औषधि विभाग ने विभागीय ड्रग वेयरहाउस से लिया था। यह दवा इंदौर की एक फार्मा कंपनी ने अप्रैल 2024 में बनाई थी, जिसकी एक्सपायरी डेट दो साल की थी। लेकिन हाल ही में आई लैब रिपोर्ट के अनुसार, दवा को मानक से कम घोषित किया गया। औषधि विभाग ने इस रिपोर्ट को सीएमओ कार्यालय भेज दिया, जिसके बाद दवा का वितरण तत्काल रोक दिया गया और आवश्यक निर्देश जारी किए गए। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) से विटामिन बी कॉम्प्लेक्स दवा के स्टॉक की पूरी जानकारी मांगी है। इसमें पूछा गया है कि अस्पतालों को कितनी मात्रा में यह दवा सप्लाई की गई और मरीजों को कितनी बांटी जा चुकी है। लगातार दवाओं के मानक से कम पाए जाने के बावजूद अब तक सप्लाई करने वाली कम्पनियों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है। कार्यवाई के नाम पर केवल दवाओं की वापसी ही बात निकल कर आती रही है। इस वजह से मरीज सरकारी अस्पतालों की दवाएं लेने से कतराते रहते हैं और बाहर से दवा खरीदने के लिए मजबूर होते हैं।

# 26 वर्ष बाद अयोध्या मे पिता पुत्र का मिलन, सबकी की आखें हुई नम

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया



**प्रतापगढ़।** जीवन के छब्बीस बसन्त देख चुके बेटे को जब पिता का पता चला तो बेटे ने पिता से सम्पर्क किया और दोनो ने भगवान राम की नगरी अयोध्या मे मिलना तय किया। तय समयनुसार पिता और पुत्र की अयोध्या मे मुलाकात हुई तो दोनो एक दूसरे के गले लगे और खूब रोए ।

प्रतापगढ़ जनपद की लालगन्ज तहसील के एक गाव मे गोन्डा निवासी देव नारायण दुवे का विवाह लगभग तीस वर्ष पूर्व सगीता से हुआ था ।दोनो खुशहाल जीवन जी रहे थे । इसी दरम्यान सगीता गर्भवती हुई । और मायके मे रहने लगी ।लेकिन दुर्भाग्य से एक बेटे को जन्म देने के दो तीन दिन बाद सगीता का देहावसान हो गया । सगीता की मौत के बाद पिता ने बेटे को पाने के लिए ससुरालीजनो से बात की लेकिन सास ससुर ने बच्चे को उन्हे यह कहते हुए न दिया कि ये बच्चा अब यही रहेगा ।इसे हम अपनी सम्पत्ति मे आधा हिस्सा देगे लेकिन तुम्हे नही देगे ।लेकिन पिता ने बार बार प्रयास किया अन्ततः खामोश हो बेटे के बडा होने का इन्तजार करने लगा ।इस दरम्यान ससुर का देहावसान हो गया तो बेटा मामा मामी पर आश्रित हो गया और हिस्सेदारी की बात भी लगभग खत्म हो गयी ।हिस्सेदारी के लिए यदि कुछ शेष था बस कोरा आश्वासन ।

पिता से मिलने का बेटा प्रयास कर रहा था ।लेकिन ?उसके पास न पता था न नम्वर ।लेकिन इसे इत्तफाक कहे या ईश्वर की कृपा बेटे के नाना ने अपनी नातिन की शादी मे देवनारायण के पते पर डाक से न्योता भेज दिया और पिता बेटे के मिलन का रास्ता। पिता को न्योता मिला लेकिन देर से वो शादी मे न पहुच सके ।लेकिन उसमे मोबाइल नम्वर था ।मोबाइल पर पिता ने सम्पर्क किया जो देवनारायण के चचेरे साले का था। जब फोन आया तो साला बेटे पुनीत की मौसी के घर पर था ।मौसी ने बिना देर किए देवनारायण का नम्वर मागा और बहनोई देवनारायण से बात की ।तो देव नारायण की आके नम हो गयी रोते हुए उन्होने अपने बेटे के बारे मे पूछा पुनीत की मौसी ने सब बताते हुए देव नारायण से कहा ।हम पुनीत से बात कराएगे हो सके तो उसके भविष्य की परवाह करते हुए उसे ले जाओ।

दूसरे दिन मौसी ने पिता पुत्र की फोन पर बात करायी ।दोनो ने रूधे गले से एक दूसरे का कुशल क्षेम पूछा और एक जनवरी को अयोध्या मे मिलने का निर्णय लिया ।

छब्बीस वर्ष के इस लम्बे अन्तराल मे देवनारायण ने दूसरा विवाह कर लिया था किन्तु दुर्भाग्य देखिए कि दूसरी पत्नी ने एक बेटा और एक बेटी को जन्मने के वाद देवनारायण को छोड ईश्वर की गोद मे चली गयी। जिसमे से आज बेटा बडा हो इडियन आयल मे आटीर्फीशियल इन्टलिजेन्स आफिसर है तो बेटी पन्द्रह वर्ष की है और पढाई कर रही है ।जो भाई पुनीन से मिलने को आतुर दिखे । फोन नम्बर तो मिल ही गया था ।अब दोनो भाई बहन और पिता घन्टो बात करते नये सपने बुनते एक जनवरी को मिलने का इन्तजार करने लगे। अन्ततः एक जनवरी आयी पुनीत अयोध्या पहुचे ।पिता पुत्र ने फोन कर एक दूसरे की पहचान की और गले लग घन्टो रोए ।उन्हे रोता देख लोगो की निगाहे उनपर टिक गयी ।पिता पुत्र के साथ ही भाई और बहन की आखे भी मेघ बरसाती रही और कुछ घन्टे वाद पूरा परिवार अपने घर गोन्डा पुनीत को लेकर चला गया।

# भाकियू कार्यकताओं का अनिश्चित कालीन धरना दूसरे दिन जारी

वेलकम इंडिया



**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर।** जनपद की तहसील गढ़मुक्तेश्वर में भ्रष्टाचार एवं किसानों का शोषण करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध जारी में अनिश्चित कालीन धरने में दूसरे दिन किसानों ने भ्रष्टाचार गन्ना भुगतान जैसी समस्याओं को लेकर सिर पर काली पट्टी का कफन बांधकर आर पार की लड़ाई लड़ने की चेतावनी देते हुए विरोध प्रदर्शन किया।इस मौके पर किसानों ने तहसील में भट्टी चलवाई और सभी को खाना बनवाकर खिलाया गया।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष जीते चौहान ने कहा कि जब तक भ्रष्टाचारियों का इलाज नहीं हो जाता है।उनकी सेवा समाप्त नहीं होगी जब तक भ्रष्टाचार्योंऊ को जेल नहीं भेजा जाता। तब तक अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन चलता रहेगा। वहीं इस अनिश्चितकालीन धरने के चलते 13 जनवरी समय 12:00 बजे हाई कमान एवं संयुक्त किसान मोर्चा के आहान पर काले कानूनों की प्रीतिया जलायीं जाएंगी। हर रोज एक ना एक मोमेंट विरोध प्रदर्शन में यहां से होते रहेंगे। साथ ही दूसरे दिनअनिश्चितकालीन धरने की अध्यक्षता गजेंद्र त्यागी एवं संचालन सेवाराम चौहान ने किया।इस मौके पर

मेरठ मंडल अध्यक्ष जीते चौहान, मंडल प्रवक्ता दिनेश त्यागी सुनील चौहान मनोज प्रधान शिव कुमार फौजी सुनील भड़ाना अनुज चौहान मनोज त्यागी देवेश चौहान अनुज यादव दीपक यादव विकल्प गुर्जर पप्पू भाई फैजान प्रधान ताज मोहम्मद कृष्णा पंडित बबली चौहान खुर्शीद चौधरी देवांश चौहान पप्पू पठान सलीम कुरैशी धीरू चौहान जीराज चौहान राजेश चौहान मनवीर चौहान शाहनवाज नौशाद चौधरी गुल्लू भाई प्रशांत त्यागी संसार सिंह इंद्रेश चौहान प्रवीण शर्मा सलीम भाई रईस प्रधान यशपाल सिंह नूर हसन मुकीम चौधरी सतपाल बदरखा मोहम्मद अंजार खान अरुण चौहान शिवम ऋतिक मनीष प्रिंस लकी गोलू आदित्य रोहित सेवक अशोक बॉबी त्यागी शान मोहम्मद भूरे भाई प्रवेश नजमुद्दीन आदि सैकड़ो किसान भाई उपस्थित रहे।

# हिफ़्ज-ए-कुरआन मुकम्मल करने पर मदरसे में प्रोग्राम का आयोजन



वेलकम इंडिया

**टाण्डा जिला रामपुर।** नगर के मशहूर मदरसा जामिया इस्लामिया रहमानिया में कारी मोहम्मद साजिद हयाती की दर्सगाह में चार तालिब ए इल्मों का हिफ्ज कुरान मुकम्मल हुआ।इस मुबारक मौके पर कुरआन की फजीलत के तआल्लुक से मदरसे में एक खुसूसी प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

प्रोग्राम को खिताब करते हुए मौलाना मोहम्मद इरफान उस्ताद जामिया रोजतुल उलूम ने कुरआन की अजमत व फजीलत बयान करते हुए कहा कि अल्लाह के रसूल ने फरमाया कि तुम में सबसे अफजल वह शख्स है जो कुरआन सीखे और सिखाए।उन्होंने कहा कि हाफिज ए कुरआन का अल्लाह के नजदीक बड़ा मकाम है।कुरआन अल्लाह का कलाम है,इसलिए इसको अपने सीनों में महफूज करने वालों का मर्तबा अल्लाह के नजदीक बहुत बुलंद है।प्रोग्राम की सदारत मौलाना मोहम्मद यूनुस और निजामत मौलाना मुफ्ती मोहम्मद अशरफ ने की।इस मौके पर हाजी सरफराज आलम,कारी मोहम्मद जमाल ,कारी मोहम्मद मुबीन कासमी , मौलाना मोहम्मद मुशर्रफ , मौलाना अब्दुल वाजिद , मौलाना रफीउद्दीन, मौलाना शाहिद, मौलाना लियाकत, मुफ्ती लईक , कारी अरशद और याहया कमाल वगैरह मौजूद रहे।

# महाकुंभ के लिए टाण्डा से रवाना हुआ पहला जत्था



वेलकम इंडिया

**टाण्डा जिला रामपुर।** प्रयागराज महाकुंभ के लिए श्रद्धालुओं का पहला जत्था रविवार को नगर से रवाना हो गया।श्रद्धालुओं को फूल मालाएं पहनाकर एवं शुभकामनाएं देकर विशेष बस से रवाना किया गया।

रविवार को प्रयागराज महाकुंभ के लिए नगर से दो दर्जन से अधिक श्रद्धालुओं को लेकर बस रवाना हुई।श्रद्धालुओं के जत्थे को फूल मालाएं पहनाकर एवं शुभकामनाएं देकर रवाना किया गया।हर-हर गंगे के जयकारे लगाते हुए दो दर्जन से अधिक श्रद्धालु नगर से महाकुंभ स्नान के लिए प्रयागराज को रवाना हुए।इस अवसर पर भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष रोहित सैनी,पूर्व मंडल अध्यक्ष योगेश कुमार सैनी,जिला प्रतिनिधि अमित चंद्रा, संजय मौर्य, माखनलाल सैनी,किशन सैनी,प्रेम सैनी और रोशनलाल सैनी आदि मौजूद रहे।

# सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का किया गया शुभारम्भ



**धामपुर ।** हरिवेद विद्यया पीठ्म के तत्वावधान में कथावाचक सुरेन्द्र भारद्वाज महाराज के श्रीमुख से रामगंगा कॉलोनी वासियों के सौजन्य से 132 के.वी. पावर स्टेशन के निकट श्रीमद्भागवत गीता महापुराण कथा का शुभारम्भ किया गया।इससे पूर्व श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा निकाल कर जागरूकता अभियान चलाकर कॉलोनी को श्रीराधा कृष्णमय किया। गौरतलब है कि श्रीहरि कथा का विराम 18 जनवरी को भण्डारा प्रसाद के पश्चात किया जायेगा। कार्यक्रम आयोजन में ओमप्रकाश भटनागर, श्यामलाल आचार्य, मेघराज, देवकुमार, मुकेश कुमार, परविन्द्र कुमार, होशियार सिंह, मुकेश कुमार फौजी, पण्डित गाँधी एवं संतोष कुमार आदि का मुख्य सहयोग रहा।

# थाना प्रभारी ने ग्रामीणों के साथ चौपाल आयोजित कर चोरी को लेकर किया जागरूक




**हापुड़।** एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के दिशा निर्देशन में सर्दी के मौसम में बढ़ते कोहरे और धुंध में बढ़ने वाली अपराधिक घटनाओं पर विराम लगाने को लेकर हापुड़ पुलिस के द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में लगातार चौकसी बरती जा रही है।इसी क्रम में बाबूगढ़ थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता के द्वारा क्षेत्र में जाकर ग्रामीणों के साथ चौपाल आयोजित कर साइबर क्राइम एवं सर्दी के मौसम में बढ़ने वाली चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने को लेकर जागरूक करने का सिलसिला लगातार जारी है।जोकि अपनी पुलिस टीम के साथ गांव-गांव जाकर ग्रामीण एवं सम्भ्रांत नागरिकों के साथ लगातार चौपाल लगाकर पुलिस के प्रति जन समस्याओं का निस्तारण करने के एवं अपराधिक घटनाओं से बचाव को लेकर भी ग्रामीणों को जागरूक करने का कार्य कर रहे।

# हापुड़ में चोरों के हौसले बुलंद 4 दिन में चोरों ने पांच चोरी की घटनाओं को दिया अंजाम

वेलकम इंडिया



**हापुड़।** हापुड़ नगर कोतवाली की एसपी पुलिस चौकी क्षेत्र चोरों के लिए बना मुफीद 3 दिन में चोरो ने चोरी की पांच घटनाओं में लाखों रुपए की नगदी ज्वैलरी चोरी कर दिया अंजाम पुलिस चोरियों की घटना का खुलासा करने में नाकाम।आपको बता दें कि

हापुड़ के नगर कोतवाली क्षेत्र में बेफिक्र नजर आ रहे हैं।चोर आए दिन चोरी की घटनाओं को दे रहे अंजाम।हापुड नगर कोतवाली क्षेत्र की एस एस वी पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत अपना घर कॉलोनी में चोरो ने बैखौफ होकर बैटरी कारोबारी के यहां लाखों की नगदी एवं ज्वेलरी चोरी की घटना को दिया अंजाम।पीड़ित बैटरी कारोबारी ने बताया कि उसके मकान से लगभग साढे तीन लाख रुपए की नगदी और 70 से 80 हजार रुपए की ज्वैलरी चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है सूत्र। और चोरों के बुलंद हौसलों का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि चोरों के द्वारा बंद मकान को निशाना बनाते हुए एस एस वी चौकी क्षेत्र में 3 दिन में चोरी पांचवीं घटना को अंजाम दिया गया है। जिसमें बीती रात्रि पीड़ित व्यापारी के घर वाले बाहर गए हुए थे। जब घर पहुंचे घर से तीन लोग भागते हुए नजर आए। घटना की सूचना पाकर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल शुरू की है।

# महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली से आए प्रतिभागियों का चयन ऑल इंडिया के लिए हुआ



वेलकम इंडिया

**बिजनौर।** नॉर्थ ईस्ट जोन अंतर विश्वविद्यालयी वेट लिफ्टिंग पुरुष प्रतियोगिता लवली प्रोफेशनल विश्वविद्यालय फगवाड़ा पंजाब में आयोजित प्रतियोगिता महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली से आए प्रतिभागियों में से वीरपाल व अरविंद मौर्य पीलीभीत और सुशांत निरवाल नहटौर कॉलेज के प्रतिभागियों का चयन ऑल इंडिया के लिए हुआ है।

विदित होगा कि यह अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता स्वर्गीय दिलावर सिंह की स्मृति में निर्मित हल्दौर डिग्री कॉलेज हल्दौर में संपन्न कराई गई थी कॉलेज निदेशक डॉ अनुज कुमार के कुशल और सफल मार्गदर्शन से महाविद्यालय नित नए आयाम छू रहा है अध्यक्ष इंजीनियर मनोज कुमार चौहान के शुभ आशीर्वाद से महाविद्यालय दिन प्रतिदिन प्रगति की ओर अग्रसर है इसी क्रम में टीम के तीन प्रतिभागियों का चयन ऑल इंडिया में होने पर महाविद्यालय को गर्व है।

प्राचार्य डॉ योगेंद्र कुमार ने विजय प्रतिभागियों के साथ छायाचित्र लेकर उनके मनोबल, उत्साह और लगन को बढ़ावा दिया। भविष्य में शिखर को छू लेने के लिए भी प्रेरित किया।

# रामकथा में श्रीराम मंदिर की स्थापना वर्षगांठ श्रोताओं के बीच धूमधाम से मनाई गई

**बरेली।** सीबीगंज के प्राचीन शिव मंदिर पर रामकथा के आयोजन का रविवार को तीसरा दिन रहा, रविवार को इस कार्यक्रम में अयोध्या धाम से पधारे गोपालानंद जी महाराज ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर की स्थापना वर्षगांठ को श्रोताओं के बीच धूमधाम से मनाया एवं मधुर भजन प्रस्तुत किये, उन्होंने पर्यावरण की रक्षा के लिए वृक्षों एवं गायों की सुरक्षा का संकल्प लिया एवं गायों एवं पर्यावरण की रक्षा के लिए सभी भक्तों को प्रेरित भी किया तथा राम जन्म की सुंदर झांकी प्रस्तुत की। कार्यक्रम में मंदिर कमेटी के अध्यक्ष पंडित हरिओम शर्मा सचिन, अनिल चौधरी, उपाध्यक्ष रवि यादव, कोषाध्यक्ष विवेक सक्सेना, महिला मंडल से मुन्नी शर्मा, आशा विनीता सक्सेना, सपना, ज्योति गुप्ता आदि विशेष रूप से सम्मिलित हुए।

# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने स्वामी विवेकानंद जयंती पर स्वामी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर पटेल चौक स्थित स्वामी विवेकानंद पार्क में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था के जिला अध्यक्ष मुकेश सक्सेना की अध्यक्षता में सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने मिलकर स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

संस्था के अध्यक्ष मुकेश सक्सेना ने स्वामी विवेकानंद जी को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अमेरिका स्थित शिकागो में सन् 1893 में आयोजित विश्व धर्म महासभा में भारत की ओर से सनातन धर्म का प्रतिनिधित्व किया था। भारत का आध्यात्मिकता से परिपूर्ण वेदान्त दर्शन अमेरिका और यूरोप के हर एक देश में स्वामी विवेकानन्द की वक्तृता के कारण ही पहुँचा है।

उन्होने कहा कि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा हमेशा ही अपने सभी महापुरुषों को प्रमुखता से याद करती रहती है। इस अवसर पर उपस्थित संजीव सक्सेना ने कहा कि हम सभी को स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों एवं उनके दिखाए मार्ग पर चलना अति आवश्यक है। कार्यक्रम में माल्यार्पण के अवसर पर बरिष्ठ उपाध्यक्ष सुधीर मोहन, उपाध्यक्ष राजेश सक्सेना, महासचिब आशीष जौहरी, कोषाध्यक्ष श्यामदीप सक्सेना, महिला अध्यक्ष मीरा मोहन, महानगर महासचिब मनोहर लाल जौहरी, युवा अध्यक्ष अमित आनंद, युवा कोषाध्यक्ष संजीब कुमार सक्सेना फॉउंडर मेंबर सुधीर महान, शिवाजी सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद धौलपुर ने मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस

वेलकम इंडिया



**धौलपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद धौलपुर के द्वारा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय धौलपुर में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया । सर्वप्रथम विवेकानंद की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया ।इस मौके पर जयपुर प्रांत के सेवार्थ विद्यार्थी एसएफएस प्रांत प्रमुख ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि स्वामी विवेकानंद एक ऐसे संत थे जिनके रोम का हर कण राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत था। राष्ट्र के दीन हीन लोगों की सेवा को ही विवेकानंद ईश्वर की सच्ची पूजा मानते थे।

उन्होंने युवाओं के हृदय को जितना झंकृत किया, उतना शायद किसी और ने किया हो। विद्यार्थियों को अनुशासन का महत्व समझाया ।इसके साथ ही विद्यालय परिसर में भारत विकास परिषद द्वारा विवेकानंद जी की जो मूर्ति लगाई गई है उसके लिए उनका आभार प्रकट किया।

जिला प्रमुख डॉ पीएस तिवारी ने बताया कि स्वामी विवेकानंद जी विश्व धर्म सम्मेलन शिकागो में कहते हैं कि मुझे गर्व है कि मैं उस देश से हूं जिसने सभी धर्मों को शरण दी है मुझे गर्व है कि मैं ऐसे धर्म से हूं जिसने पूरी दुनिया को सहिष्णुता और सार्वभौमिक स्वीकृति का ज्ञान दिया ।

इस मौके पर प्रांत एस एफ एस प्रमुख ओमप्रकाश शर्मा,जिला प्रमुख डॉ पीएस तिवारी,जिला संयोजक विकास अग्रवाल,प्रांत कार्यकारिणी सदस्य निक्की सिकरवार, नगर अध्यक्ष भगवान सिंह मीणा, जिला एसएफडी संयोजक जतिन अग्रवाल, शिवानी ठाकुर,प्रिया लवानिया सहित अनेक उपस्थित रहे।

## खबर का असर:

# मकर संक्रांति से पहले चाइनीज मांझे पर कार्रवाई: लखीमपुर खीरी में पतंग दुकानों पर छापेमारी

वेलकम इंडिया



**लखीमपुर खीरी।** चाइनीज मांझे की बिक्री पर रोक लगाने के लिए प्रशासन और पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। तहसीलदार और कोतवाल के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने शहर की विभिन्न पतंग की दुकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई चाइनीज मांझे से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए की गई है।छापेमारी कर रहे सदर तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह ने बताया की मकर संक्रांति के अवसर पर पतंग और चीनी मांझे से होने वाली दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य यह अभियान चलाया जा रहा है जिसमें शहर की कई पतंग की दुकानों पर छापेमारी की गई कहीं भी चाइनीस मांझा बरामद नहीं हुआ है एक-दो दुकानों पर नायलॉन मांझा मिला जिसे जब्त कर लिया गया है। सदर कोतवाल अंबर सिंह और सदर तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह ने शहर की हाथीपुर, मिश्राना और अम्बेडकर पार्क सहित शहर की दुकानों पर छापेमारी की जिसमे हाथीपुर मे कई दुकानों पर नायलान डोरी मिलने पर उसे पुलिस द्वारा जब्त किया गया । चाइनीज मांझा, जो नायलॉन या सिंथेटिक सामग्री से बना होता है, पक्षियों और लोगों के लिए अत्यंत खतरनाक साबित होता है।इस मांझे की धारदार प्रकृति के कारण हर साल कई जानलेवा हादसे होते हैं।इसी को देखते हुए प्रशासन ने यह सख्त कदम उठाया है। अधिकारियों ने दुकानदारों को चेतावनी दी है कि चाइनीज मांझे की बिक्री करने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही लोगों से भी अपील की गई है।

# राज्य सूचना आयुक्त ने विचार गोष्ठी में पत्रकारों को दिये सुझाव

वेलकम इंडिया



**मेरठ।** ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के द्वारा एक पत्रकार विचार गोष्ठी का आयोजन रविवार को परीक्षितगढ़ स्थित गांधी मेमोरियल देवनागरी महाविद्यालय में किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता मेरठ इकाई के अध्यक्ष संजीव तोमर एवं संचालन जिला महामंत्री शिवकुमार शर्मा के साथ जिला सचिव उस्मान अली ने किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरीए सूचना आयोग राजेंद्र सिंहए भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अवनीश त्यागी आदि ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया ।इसके पश्चात ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन की मेरठ इकाई के पदाधिकारी द्वारा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरीए राष्ट्रीय महामंत्री हरेंद्र चौधरीए प्रदेश अध्यक्ष कमलेश त्रिपाठी राज्य सूचना आयुक्त राजेंद्र सिंह अवनीश त्यागी एनरेंद्र खजूरी आदि को शाल एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। पत्रकार विचार गोष्ठी में अपने विचार रखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में कार्य करने वाले पत्रकारों को बहुत अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है यह पत्रकार अपनी जान जोखिम में डालकर कार्य करते हैं लेकिन इसके विपरीत कुछ संक्रिण मानसिकता वाले इन्हें पत्रकार मानने को भी तैयार नहीं है। अनिल चौधरी ने सरकार से आह्वान किया कि पत्रकार सुरक्षा कानून जल्दी लागू किया जाए जिससे पत्रकारों निर्भीक होकर कार्य कर सकें ।राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को सभी थानेदारों को निर्देशित करना चाहिए कि थाने पहुंचे पत्रकारों के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार न करें पत्रकार को उचित सम्मान दें ।राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार के द्वारा पत्रकारों का निशुल्क बीमा की व्यवस्था करनी चाहिए एवं 60 साल पूरी कर चुके पत्रकारों को पेंशन की व्यवस्था भी करनी चाहिए।

प्रदेश अध्यक्ष कमलेश त्रिपाठी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन का विस्तार बहुत तेजी से बढ़ रहा है इस समय संगठन आठ राज्यों के साथ उत्तर प्रदेश के 67 जिलों में अपनी इकाई गठित कर चुका है संगठन पत्रकारों के हितों के लिए कई बिंदु पर कार्य कर रहा है जिसमें दुर्घटना बीमाए स्वास्थ्य बीमा का कार्य प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ रहा है।

राष्ट्रीय महामंत्री हरेंद्र चौधरी ने भी संगठन के विषय पर विस्तार से बताते हुए कहा कि संगठन में बहुत शक्ति होती है राष्ट्रीय महामंत्री ने उदाहरण देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश के एक जिले में संगठन से जुड़े एक पत्रकार साथी की मृत्यु होने पर उसकी आर्थिक सहायता करी गई यह संगठन शक्ति है। कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि राज्य सूचना आयुक्त राजेंद्र सिंह ने कहा कि वक्त के अनुसार पत्रकारों को भी खुद को बदलना होगा पहले बस और डाक के माध्यम से खबरें भेजी जाती थी लेकिन आज मेल और व्हाट्सएप के माध्यम से भेजी जाती है। राजेंद्र सिंह ने बताया कि सोशल मीडिया में जिस तरीके से आज खबरों का आदान.प्रदान होता है उससे कई तरीके के खतरे भी पैदा हो गए हैं उन्होंने पत्रकारों से कहा कि वह तथ्यात्मिक और आध्यात्मिक खबरें प्रकाशित करें।

प्रदेश महामंत्री मुनेंद्र त्यागी ने संगठन के उद्देश्यों पर विस्तार से बताया मुनेंद्र त्यागी ने यह भी बताया कि परीक्षितगढ़ एक ऐतिहासिक नगरी है जहां महाभारत एवं रामायण काल के से जुड़े स्थान है इसलिए आज की बैठक का आयोजन यहां किया गया । विचार गोष्ठी के पश्चात जिला कार्यकारिणी सदस्यों एवं अतिथियों ने परीक्षितगढ़ के ऐतिहासिक स्थलों का भी भ्रमण किया ।

# बुंदेलखंड राज्य निर्माण के लिए जनमत संग्रह में बड़ी संख्या में वोट देकर बुंदेलियों ने अपनी चाहत बताई हैं

वेलकम इंडिया



**झांसी!** बुंदेलखंड निर्माण मोर्चा के अध्यक्ष भानू सहाय के नेतृत्व में बुंदेलखंड राज्य निर्माण के लिए बैलेट पेपर के माध्यम से पारीछा, रिछौरा, गुलारा, महेवा आदि गांवों में किए गए जनमत संग्रह में लोगों ने डाले तीन हजार अठाईस वोट्स की गणना मतपेटियों की सील अनेक पत्रकारों एवं जनता के सामने खोलकर बड़ागांव में मंदिर के पास की गई बैलेट पेपर के माध्यम से जनमत संग्रह में पूछे गए पहले एवं दूसरे प्रश्न कि क्या आप अखंड बुंदेलखंड एवं ओरछा को राजधानी बनवाना चाहते हैं के लिए बराबर बराबर दो हजार नौ सौ छियालिस* वोट्स पड़े तीसरा सवाल कि वायरल हो रहे मैसेज जिसमे प्रयागराज मण्डल, कानपुर मण्डल एवं मिजार्पुर मंडल को जोड़ कर बुंदेलखंड राज्य बनाने के लिए सिर्फ दो वोट्स पड़े एक सौ अस्सी इनवेलिड हुए। जनप्रतिनिधियों को लोगों की भावनाओं को समझते हुए बुंदेलखंड राज्य के पक्ष में आवाज उठानी होगी वरना जनता का कोप भाजन होना पड़ेगा जनमत संग्रह के जरिए डाले गए वोट्स ने यह संदेश दे दिया है कि लोगों को बुंदेलखंड राज्य बनने पर क्या लाभ होगे, आने वाली पीढ़ी की खुशहाली एवं उनकी भावना क्या है। चुनाव अधिकार रामजी सिंह पारीछा के साथ रघुराज शर्मा, कुंवर बहादुर आदिम, हनीफ खान, प्रदीप झा, मनोज, राजेश, कैलाश प्रजापति, प्रभु सैन आदि ने मतों की गिनती की।

## लहसुन लूट का पुलिस नें किया खुलासा, 11 टन लहसुन बरामद, 4 आरोपी गिरफ्तार

**बुलंदशहर।** थाना अरनिया पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर ईशनपुर फ्लाई ओवर के नीचे से लूट की घटना कारित करने वाले 04 अभियुक्तों गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से लूटा गया कैंटर 236 बोरे लहसुन(वजन करीब 11 टन), घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार व अवैध असलहा बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम नईम, सलमान, शहरियाब है। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से पुलिस को एक कैंटर 236 बोर लहसुन लदा हुआ (लुटा गया), एक स्विफ्ट कार नं0 वढ-37व-8157 (घटना में प्रयुक्त), एक तमंचा 315 बोर मय तीन जिन्दा कारतूस व दो चाकू नाजायज बरामद हुए है। गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा दिनांक 06-01-2025 की रात्रि में थाना अरनिया क्षेत्र में ईशनपुर फ्लाईओवर पर लहसुन से भरा 01 कैंटर लूटने की घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना अरनिया पर अभियोग पंजीकृत हैं।

# राष्ट्रीय युवा उत्सव के तीन दिवसीय आयोजन का पूजन अर्चन उपरांत वृक्षारोपण के साथ हुआ

वेलकम इंडिया




**झांसी!** संस्था प्रयास सभी के लिए के तत्वावधान में विवेकानंद राष्ट्रीय युवा उत्सव के तीन दिवसीय आयोजन का स्वामी विवेकानंद के पूजन अर्चन उपरांत वृक्षारोपण के साथ हुआ समापन प्रयासःसभी के लिए के संस्थापक अध्यक्ष मनमोहन गेड़ा के नेतृत्व में अध्यक्ष बैदेही शरण सरावगी की अध्यक्षता में और श्री मनोज कुमार मिश्रा प्रधानाचार्य सरस्वती पाठशाला इंडस्ट्रियल इंटर कॉलेज के मुख्य आतिथ्य में विवेकानंद जयंती पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम का सरस्वती पाठशाला इंडस्ट्रियल इंटर कॉलेज प्रांगण में किया गया समापन। प्रारंभ में प्रधानाचार्य मनोज कुमार मिश्रा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण पूजन कर आज के कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संस्था प्रयासःसभी के लिए के अध्यक्ष बैदेही शरण सरावगी ने सभी सदस्यों और विद्यालय के शिक्षकों के साथ स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण पूजन अर्चन कर धूप-बत्ती के साथ वंदन कर उन्हें नमन करते हुए उनके द्वारा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पटल पर सनातन संस्कृति पर दिये गये अविस्मरणीय योगदान पर उपस्थित समूह के मध्य विचार व्यक्त किये गये। अंत में सभी सदस्यों के द्वारा वहां पर नीम अशोक पीपल आंवला आदि के पौधों को रोप कर वृक्षारोपण किया गया कार्यक्रम का संयोजन अम्बिका प्रसाद श्रीवास्तव और देवेश मिश्रा ने किया। कार्यक्रम का संचालन संजय जैन कर्नल ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से अशोक अग्रवाल पी एन बी, सी बी राय तरूण, कुलदीप सिंघल, के डी गुप्ता, सतीश साहनी, एन के सिंह, नवीन श्रीवास्तव, सुन्दर ग्वाला, एच एन शर्मा, आदि उपस्थित रहे अंत में महामंत्री रामबाबू शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## 2पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा थाना खुर्जा देहात का किया गया वार्षिक निरीक्षण



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** आज दिनांक 12-01-2025 को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री रोहित मिश्र द्वारा थाना खुर्जा देहात का वार्षिक निरीक्षण/भ्रमण के दौरान थाना खुर्जा देहात पहुंचकर गार्द की सलामी ली गयी। इसके उपरान्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय द्वारा खर्जा देहात थाना कार्यालय के महिला हेल्प डेस्क, बन्दीगृह, अभिलेख, बीट बुक रजिस्टर, सीसीटीएनएस, शस्त्रागार, साफ-सफाई, मालखाना, मैस, आवासीय थाना परिसर, थाने में खडे वाहनों, आदि को चेक किया गया। महिला हैल्प डेस्क पर नियुक्त महिला कर्मचारियों द्वारा थाने पर अपनी समस्याओं को लेकर आने वाली महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रार्थना पत्रों के निराकरण, जांच का परिणाम इत्यादि को क्रमबद्ध तरीके से कम्प्यूटर में व्यवस्थित करने के लिए निर्देशित किया गया तथा थाने पर नियुक्त कर्मचारियों के साथ वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना गया। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी खुर्जा देहात को अभिलेख पूर्ण करने, अभिलेखों का रखरखाव रखने, हिस्ट्रीशीटर अपराधियों की निगरानी रखने व थाना परिसर को स्वच्छ रखने एवं प्रतिदिन थानाक्षेत्र में भ्रमणशील रहकर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने, महिला सम्बन्धी अपराधों पर रोकथाम आदि आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## गाजियाबाद से कई शहरों के लिए शुरू होगी उड़ान यात्रा

**गाजियाबाद।** डायल जीएमआर (दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड) के कमर्शियल उड़ानों के मामले में दायर वाद वापस लेने ने हिंडन एयरपोर्ट प्रबंधन काफी उत्साहित है। प्रबंधन अब तमाम नए शहरों को उड़ान सेवाओं के जरिए गायिजाबाद से जोडे के प्रयास में जुट गया है। इस प्रयास में उन सभी कंपनियों से संपर्क किया जा रहा है जो कभी एयरपोर्ट प्रबंधन को उड़ान के संबंध में प्रस्ताव दे चुकी हैं। ऐसी ही एक एयरलाइंस कंपनी है एयर इंडिया एक्सप्रेस। चेन्नई, कोलकाता, बेंगलूरू और गोवा के लिए उड़ान शुरू करने का प्रस्ताव दे चुकी इस कंपनी के साथ भी एयरपोर्ट प्रबंधन की बात चल रही है। एयरपोर्ट प्रबंधन का कहना है कि अन्य शहरों को उड़ान सेवाएं शुरू करने की दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं लेकिन कंपनियों के साथ और मुख्यालय से रूट की अनुमति मिलने के बाद ही कुछ स्पष्ट कहा जा सकेगा। प्रयास किए जा रहे हैं कि अयोध्या और बनारस के साथ ही लखनऊ, प्रयागराज, और मुंबई के लिए उड़ान सेवा हो। एयर इंडिया एक्सप्रेस के द्वारा पिछले साल चेन्नई, कोतकाता, बंगलूरू और गोवा को उड़ान सेवा शुरू करने का प्रस्ताव दिया गया था, कंपनी से एयरपोर्ट प्रबंधन की फिर से बात चल रही है। कुल मिलाकर इतना तो तय है कि गाजियाबाद से जल्द ही उड़ान सेवा के जरिए कुछ और शहर जुडे जा रहे हैं, जो रूट क्लियर होते जाएंगे, उन रूटों पर सेवाएं शुरू होती जाएंगी।

## शराबियों पर चला पुलिस का डंडा, 278 शौकीनों ने काटी रातभर हवालात

गाजियाबाद। सार्वजनिक स्थान पर शराब पीना शराबियों को भारी पड़ गया। पुलिस ने अभियान चला कर शराबियों को पकड़ लिया। पुलिस को देखते ही शराबियों का नशा उतर गया। बोले साहब अब नशा नहीं करेंगे, हमें छोड़ दो। पुलिस ने पकड़े गए सभी शराबियों का चालान कर दिया। दरअसल सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करने वालों के खिलाफ शनिवार रात को अभियान चलाकर पुलिस ने शराबियों को खूब मजा चखाया। गाजियाबाद पुलिस ने रेंडम अभियान चलाकर शनिवार देर शाम विभिन्न थानों में 278 बेवड़ों की अकल ठिकाने लगाने के लिए उनकी रात हवालात में कटवाई है। कुछ दिनों पहले भी पुलिस ने ऐसी ही एक ड्राइव चलाई थी। पुलिस आयुक्त अजय मिश्र का कहना है कि सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वाले लोगों के खिलाफ पुलिस आगे भी रेंडम अभियान चलाती रहेगी। शनिवार शाम पुलिस ने सात बजे से नौ बजे तक अभियान चलाकर ऐसे बेवड़ों को हिरासत में लेकर थाने पहुंचाने का काम किया जो सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन कर रहे थे। पुलिस का कहना है कि सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने से आने जाने वालों को परेशानी होती है। पुलिस एक साथ शराब के ठेकों के आसपास छापेमारी की। पुलिस ने नगर जोन से 134 और ट्रांस हिंडन जोन से सार्वजनिक स्थानों पर शराब पी रहे 144 लोगों को पकड़कर हवालात की हवा खिलाई।

# झाँसी में आल इंडिया पेट्रोलियम डीलर वेलफेयर एसोसिएशन का गठन

वेलकम इंडिया



**झाँसी!** ऑल इंडिया पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन की संगोष्ठी रानी झांसी पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन के तत्वाधान में प्रेमा कुंज वाटिका में गाजीपुर से आए वरिष्ट डीलर विनीत जायसवाल की अध्यक्षता में दो सत्रों में सम्पन्न हुई बैठक का प्रारम्भ रानी झांसी पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप सिंह सेंगर के भाषण से हुआ तत्पश्चात बैठक में देश भर के डीलरों की समस्याओं की आवाज उठाने और उन्हें दूर करने के लिए आल इंडिया पेट्रोलियम डीलर वेलफेयर एसोसिएशन का गठन किया गया। और चंदौली से आए हुए पूर्व सैन्य कर्मी डीलर बाजारी सिंह को सर्व सहमति से उसका अध्यक्ष, श्रीकांतमंडी त्रिपाठी को महामंत्री और विनीत जायसवाल को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया बैठक के दूसरे सत्र में उत्तर प्रदेश भर के डीलरों को संगठित करने के लिए उत्तर प्रदेश पेट्रोल डीलर वेलफेयर एसोसिएशन का भी गठन किया गया जिसके अध्यक्ष के तौर पर रानी झांसी पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप सिंह सेंगर का चयन किया गया तथा लखनऊ से आए हुए डीलर विवेक जी को महामंत्री नियुक्त किया गया।

तत्पश्चात एक ओपन सेशन का आयोजन किया गया जिसमें देश भर से आए डीलरों के द्वारा फेस की जा रही विभिन्न प्रकार की समस्याओं को उठाया गया। कांफ्रेंस में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि डीलर समस्याओं को दूर करने के लिए, डीलर कमीशन में वृद्धि के लिए सरकार के समक्ष गांधी वादी तरीके से आवेदन करने से शुरूआत की जायेगी। और आवश्यक होने पर आंदोलनात्मक रणनीति भी अपनाई जाएगी और नो सप्लाई नो सेल, हड़ताल की भी घोषणा की जायेगी। बैठक में आगामी बैठक लखनऊ में करने की घोषणा की गई कांफ्रेंस में विभिन्न स्थानों से आए निम्न पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे। बाजारी सिंह, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, बलवान सिंह, प्रशान्त गुप्ता, अरविंद चौहान, मनोज बाजोरिया, सुभाष सक्सेना, राजीव रिछारिया, अरुण अग्रवाल, प्रभाकर चंदेल, श्रीकांत मणि त्रिपाठी, आदि उपस्थित रहे।

## गैंग बनाकर अपराध करने वाले बदमाशों के विरुद्ध की गैंगस्टर की कार्रवाई

वेलकम इंडिया

**कांधला।** गैंग बनाकर आपराधिक कार्य व असमाजिक गतिविधियों में संलिप्तता में सामिल बदमाशों के विरुद्ध पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है पुलिस ने चार वाहन चोरों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज किया।

रविवार को थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितीज कुमार की ओर से दर्ज कराए गए अभियोग में कहा गया है कि गैंग लीडर बिलाल पुत्र अखलाक निवासी खैल कला व नावेद पुत्र नफीस निवासी मोहल्ला खैलकला खुरगान रोड कस्बा कैराना जिला शामली हाल निवासी नफीज ई-11/ए 7 बुलन्द मस्जिद शास्त्री पार्क पूर्वी दिल्ली के साथ संगठित होकर आर्थिक व भौतिक व दुनियाबी लाभ कमाने के लिये थाना क्षेत्र में वाहन चोरी करने जैसा जघन्य अपराध कारित करते है। इनके द्वारा गैंग बनाकर समाज विरोधी कार्य किया जा रहा है। आपराधिक गतिविधियों मे संलिप्त रहकर आरोपी लोगों को डराने धमकाने के कार्य में भी संलिप्त हैं। उक्त चारों आरोपी कई आपराधिक वारदात को अंजाम दे चुके हैं। इनकी आवांछित गतिविधियों से क्षेत्रीय लोगों में असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। पुलिस ने चारों वाहन चोरों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई करते हुए थाने पर मामला पंजीकृत किया है। चारों चोरों के विरोध गैंगस्टर की कार्रवाई होने से अन्य बदमाशों में भी हड़कंप मचा हुआ है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि गैंग बनाकर चोरी लूट एवं अन्य घटनाओं में शामिल बदमाशों को चिन्हित किया जा रहा है जिनके विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# किसान नेता राकेश टिकैत ने किया निजी अस्पताल का शुभारंभ

वेलकम इंडिया



**कांधला।** भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने नगर में पहुंच कर एक नर्सिंग होम का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान किसान नेता के साथ संगठन के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

रविवार को नगर के रेलवे रोड जाट कॉलोनी स्थित नव जीवन हॉस्पिटल का शुभांम्भ किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्त राकेश टिकैत के द्वारा हॉस्पिटल में पहुंचकर फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारी कामना है कि क्षेत्र के लोग निरोगी रहे। यह हॉस्पिटल दुःखियों की, रोगियों की पीड़ा दूर करने के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। जिस समाज का विचार ऐसा हो, जिसका संस्कार ऐसा हो, वहाँ सेवा और चिकित्सा समाज की चेतना ही बन जाती है। इसीलिए, भारत एक ऐसा राष्ट्र है जहां इलाज एक सेवा है, आरोग्य एक दान है। जहां आरोग्य आध्यात्म, दोनों एक दूसरे से जुड़े हुये हैं। अस्पताल अपनी चिकित्सा सेवाओं का विस्तार करते हुए सर्व समाज के समुदाय को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के प्रयास में है। अस्पताल को टेक ओवर के बाद बेहतर और अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया जायेगा। हमारा लक्ष्य न केवल रोगियों को अत्याधुनिक चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना है, बल्कि उन्हें एक ऐसा वातावरण भी प्रदान करना है जो संपूर्ण स्वास्थ्य का ख्याल रखे। हॉस्पिटल के संचालक गौरव मलिक ने अस्पताल का मुख्य उद्देश्य है कि हर व्यक्ति को स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ और सस्ती दरों पर मिले। इस दौरान ,प्रबंधक अभिनव चहल, अरविंद पंवार जिला पंचायत सदस्य, गौतम पंवार, निखिल मलिक, उदयवीर सिंह, गौतम पंवार, शुभम् चौधरी, ईश्वर सिंह, सहदेव प्रधान, सुधीर उर्फ बिल्लू आदि मौके पर मौजूद रहे।

# धूमधाम के साथ मनाई गई कवि शमशेर बहादुर सिंह की जयंती

वेलकम इंडिया



**कांधला।** क्षेत्र के कस्बा एलम में कवि शमशेर बहादुर सिंह की 115वीं जयंती इंटर कॉलेज एलम में बड़े धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान सैकड़ो लोग मौजूद रहे। रविवार को क्षेत्र के कस्बा एलम में शमशेर बहादुर की प्रसिद्ध रचना ₹काल तुझसे होड़ है मेरी₹ पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को मुख्य रूप से तीन हिस्सों में विभाजित किया गया। पहले हिस्से में हिंदी के मशहूर कवि श्री देवी प्रसाद व मजदूर एकता पुस्तिका के संपादक विक्रम प्रताप ने कवियों के कवि शमशेर बहादुर के व्यक्तित्व और कार्यों पर अपने वक्तव्य रखें। ?दूसरे हिस्से में चलचित्र अभियान में किसान आंदोलन व मजदूर लड़की के जीवन संघर्ष से संबंधित डॉक्यूमेंट्री फिल्मों की स्क्रीनिंग कराई। तीसरे हिस्से में कवि सम्मेलन किया गया। जिसमें कवि महेंद्र नेह, देवी प्रसाद मिश्र अंशु मालवीय, पंकज श्रीवास्तव लक्ष्मण प्रसाद शुक्ला, मृत्युंजय अनुराधा आदि कवियों ने अपनी कविताओं द्वारा कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। शमशेर बहादुर कला मंच व प्रवाह कल्चरल टीम ने कई सारे प्रगतिशील गीतों, रागनियों, कविताओं के माध्यम से कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। शमशेर बहादुर सिंह की जयंती समारोह का आयोजन नौजवान भारत सभा, चलचित्र अभियान जसम व समस्त कस्बा वासियों द्वारा किया गया। इस दौरान सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशनंद गिरी महाराज ने व्यापार मंडल को दिया महाकुंभ का न्यौता

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल के कार्यवाहक अध्यक्ष केके शर्मा को महाकुंभ में अहम जिम्मेदारी मिलने पर उनके राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला कार्यालय पर पहुंचने पर शानदार स्वागत अभिनंदन किया। केके शर्मा ने समक्ष व्यापारियों एवं राष्ट्रीय व्यापार मंडल की समस्त टीम को महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशनंद गिरी महाराज द्वारा हस्तलिखित पत्र द्वारा आने का न्यौता दिया। राष्ट्रीय व्यापार मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के प्रभारी विवेक त्यागी के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष बालकिशन गुप्ता, राष्ट्रीय सचिव प्रदीप चौधरी, अनुशासन समिति अध्यक्ष विनीत शर्मा, सलाहकार समिति सदस्य रितेश शर्मा, प्रदेश महामंत्री सौरभ यादव, मंडल अध्यक्ष अजय सिंघल, अशोक भारतीय, आशु शर्मा, समीर शर्मा, संदीप त्यागी रसम, परमानंद सिंघल, अनिल जुल्का, प्रवीण बत्रा, नीता भार्गव, काजल छिब्बर, ज्योति तोमर, उपेन्द्र शिसोदिया, विनीत शर्मा, नीरज त्यागी आदि ने निमंत्रण पत्र को स्वीकार कर आने का आश्वासन दिया। इस दौरान राष्ट्रीय सचिव प्रदीप चौधरी ने बताया के राजेंद्र नगर साहिबाबाद क्षेत्र निवासी केके शर्मा को इस बार होने वाले महाकुंभ में बड़ी जिम्मेदारी मिली है। उन्हें निरंजनी अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशनंदगिरी ने मुख्य शिविर संस्थापक तथा कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। बीते कुछ दिन पहले ही आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशनंद गिरी महाराज राजेंद्र नगर निवास पर उनके परिवार व क्षेत्रवासियों को आशीर्वाद देने पहुंचे थे। इस दौरान राष्ट्रीय व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष बालकिशन गुप्ता के नेतृत्व में व्यापार मंडल की टीम ने भी उनका भव्य स्वागत किया था।



# उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं हर्षोल्लास से मनाया गया सुरेविन का वार्षिक उत्सव एवं विंटर कार्निवल

वेलकम इंडिया






**मोदीनगर।** सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल ( निवाड़ी ) में वार्षिक उत्सव युगांतर एवं विंटर कार्निवल बड़े हर्षौल्लास के साथ मनाया गया। समारोह का शुभारंभ विभिन्न गणमान्य अतिथियों एवं स्कूल प्रबंधक द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर विभिन्न कलाओं का प्रदर्शन करते हुए सुरेविन विद्यार्थियों ने वैदिक संस्कृति से वर्तमान संस्कृति एवं सभ्यता की झलक का प्रदर्शन किया। विद्यालय में स्पोर्ट्स इंटीग्रेटेड शिक्षा की झलक दिखलाते हुए विभिन्न खेलों का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल द्वारा अपने सुरेविन (एल्यूमीनी) पूर्व गौरांवित छात्रों अनमोल त्यागी, ललित त्यागी, सन्नी, अश्वनी शर्मा, वीनस चिकारा व दीपांशु के द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्य में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों को प्राइड ऑफ सुरेविन टाइटल द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शैक्षणिक सत्र 2024 में श्रेष्ठ हाउस के विजेता के रूप में यमुना हाउस के अध्यापकों को हाउस ऑफ द ईयर की ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। साथ ही इस अवसर पर आगामी सत्र से शुरू होने वाली आईआईटी एवं जेईई की परीक्षाओं की तैयारी के लिए इंटीग्रेटेड प्रोग्राम कैरियर पॉइंट कोटा के साथ मिलकर टेक्नो अकैडमी का भी उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के जाने माने व्यक्तियों चेयरमैन पतला श्रीमती रीता चौधरी, चेयरमैन निवाडी श्री अनिल त्यागी, चेयरमैन मोदीनगर श्री विनोद कुमार वैशाली, सुरेविन फाउंडेशन सदस्य, पत्रकार बंधुओ सहित विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्यो एवं संस्थापकों के साथ अभिभावकों भी उपस्थित रहे। विंटर कार्निवाल में मुख्य आकर्षण केंद्र मैजिक शो, इन्नोवेटिव रोबोटिक कॉर्नर, फूड जोन, गेम जोन व झूले जैसी अलग-अलग झलकियां रही। सुरेविन प्रबंधन परिवार की तरफ से श्री तुषार गुप्ता, श्रीमती पारुल श्रेणी, डॉ शिखा दरबारी, श्री विष्णु दरबारी, श्री हरीश चंद्रा द्वारा अभिभावकों व विद्यार्थियों एवं अध्यापक - अध्यापिकाओं द्वारा किए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

## पूर्व सांसद प्रकाश वीर शास्त्री की प्रतिमा का अनावरण

**गाजियाबाद।** अखिल भारतीय त्यागी ब्राह्मण सभा ने रविवार दोपहर राजनगर में पूर्व सांसद प्रकाश वीर शास्त्री की प्रतिमा का अनावरण किया। प्रकाश वीर शास्त्री चौक पर भारी संख्या में समाज के लोग, जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। सभी वक्ताओं ने सयुक्त रूप से कहा कि हम सभी को प्रकाश वीर शास्त्री के जीवन से सीखना चाहिए। उनके बताए रास्ते पर चलना चाहिए, इससे की समाज एवं देश का नाम रोशन हो सके। प्रतिमा का अनावरण विधायक अजीत पाल त्यागी, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी, ब्लॉक प्रमुख राजीव त्यागी, संजय त्यागी, पुनीत त्यागी, सुरेश चंद त्यागी, वरिष्ठ भाजपा नेता राजेंद्र त्यागी, करनल टीपीएस त्यागी ने सयुक्त रूप से कहा। इस कार्यक्रम में अध्यक्षता बाबा विद्यानंद त्यागी ने की। संचालन राजीव त्यागी प्रवक्ता ने किया। इस अवसर पर संरक्षक विजेंदर त्यागी मकनपुर, आसाराम त्यागी, मंगू प्रधान, एसपी त्यागी, अनिल त्यागी, अजय त्यागी, पार्षद संजय त्यागी, पार्षद मनोज त्यागी, पार्षद कुलदीप त्यागी, पार्षद वीरेंद्र त्यागी, पार्षद राधेश्याम त्यागी, संजय बहेड़ी, अरुण वैरा, मुकेश मकनपुर, रामकिशन सिहानी, पवन त्यागी, राजीव त्यागी, राजकुमार त्यागी, नरवीन त्यागी, नितिन त्यागी, अजय बाबा, राजपाल त्यागी, भूषण त्यागी, राजकुमार त्यागी, नीरज त्यागी, अक्षय त्यागी, राकेश त्यागी,डा सुनील त्यागी, छाया त्यागी, सीमा त्यागी, योगेश त्यागी योगी आदि उपस्थित रहे।

# छात्रों का भारतीय मानक ब्यूरो के मानक करनावल स्टाल में मॉडलों,चार्ट का भव्य प्रदर्शन




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** डॉक्टर के मोदी साइंस कॉमर्स कॉलेज की लगभग 100 छात्रों ने भारतीय मानक व ब्यूरो के 78वें फाउंडेशन डे के उपलक्ष में मानक कार्निवल स्टॉल पर मॉडलों व चार्ट से भारतीय मानक ब्यूरो के कार्यों का व्याख्यान किया और लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया उनके स्टाल को देखकर बीआईएस के सभी अधिकारियों ने आश्चर्यचकित होकर प्रशंसा की और वहां पर आने वाले सभी इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रोफेसर में बच्चों ने मॉडल ,चार्टों को देखकर प्रशंसा की। उन्होंने चार्ट

- सभी इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रोफेसर में बच्चों ने मॉडल ,चार्टों को देखकर प्रशंसा की।

में जो इमेज बनी हुई थी, वह इतनी रियल और चकित करने वाली थी। एक चार्ट की गैलरी को इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रोफेसर ने अपनी कॉलेज में रखेंगे कहा कि यह बच्चा विक्रांत और वंश को आगे बढ़ाने में मदद करेंगे यह सुनकर बच्चों में बड़ी खुशी की लहर दौड़ गई कि मोदी कॉलेज के छात्र कहीं पर भी भव्य प्रदर्शन कर सकते हैं। कॉलेज और प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद्र अग्रवाल का व सभी अध्यापकों का नाम शिखर पर पहुंचने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं । इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने भी बच्चों को बहुत शुभकामनाएं दी और मैटर राजीव कुमार वर्मा प्रवक्ता रसायन विज्ञान को भी प्रशंसा की कि हमारे छात्र और हमारे अध्यापक किसी भी क्षेत्र में अपने कॉलेज का नाम रोशन करने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं खूब मेहनत करते हैं। प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद्र अग्रवाल व मैटर राजीव कुमार वर्मा प्रवक्ता रसायन विज्ञान ने सभी भारतीय मानक ब्यूरो गाजियाबाद की सभी अधिकारियों टीम को आयुष ,विश्वेंद्र प्रियांशु सभी का है दिल से धन्यवाद किया।



## स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया

**मोदीनगर।** स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया । इस अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया ।जिसमें वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला और युवा प्रतिभा आर्किटेक्ट अभिषेक नेहरा का सम्मान किया । संगोष्ठी का आयोजन सभासद ललित त्यागी एडवोकेट जिला महामंत्री युवा मोर्चा द्वारा किया गया इस अवसर पर सतीश नेहरा अध्यक्ष जाट समाज, नवीन जायसवाल एडवोकेट जिला कोषाध्यक्ष भाजपा, अरुण पंडित जिला मंत्री युवा मोर्चा, रिंकू प्रधान, गोपाल गुप्ता, शिव अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा आदि उपस्थित रहे।



## वृद्धआश्रम में वृद्धजनों को ठंड से बचाव हेतु गरम जैकेट का वितरण किया गया

**मोदीनगर।** वृद्धआश्रम गोविंदपुरी में वृद्धजनों को सेवार्थ ट्रस्ट द्वारा ठंड से बचाव हेतु गरम जैकेट का वितरण किया गया एवं कुछ पल इन बुजुर्गों के साथ व्यतीत किया और उनका हाल–चाल जाना। इस अवसर पर सेवार्थ ट्रस्ट के संरक्षक लाभेंद्र देव कौशिक व संरक्षक केवल कृष्ण थम्मन अध्यक्ष सचिन वर्मा , विष्णु वर्मा ,प्रदीप मुंशी, दौलत राम , सोनम वर्मा , रजनी वर्मा , रीता गुप्ता एवं वृद्धआश्रम के सदस्य रूपचंद शर्मा , बसंत एवं शर्मा जी व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



## प्रभु की दया से ही मिलता है मानव जीवन-पंकज तिवारी

**मोदीनगर।** कथा व्यास गौ भक्त पंकज तिवारी महाराज ने कहा कि प्रभु की दया से मानव जीवन मिलता है। प्रभु की कृपा से ही सत्संगति मिलती है। जीन आत्मा को सदैव प्रभु की कृपा एवं हरि कृपा प्राप्ति के लिए प्रयास करते रहना चाहिए। कथा व्यास श्री तिवारी यहां आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दौरान श्र( ालुजनों को कथा का रसापान करते हुए प्रवचन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अति दुर्लभ मानव जीवन की प्राप्ति प्रभु की दया है, तथा सत्संगति प्राप्त होना, धर्म–कर्म एवं सद्कर्मों की प्रेरणा प्राप्त होना हरि कृपा है। उन्होंने कहा कि अधर्म के विनाश तथा धर्म की रक्षा के लिए भगवान कृष्ण ने पृथ्वी पर अवतार लिया था। उन्होंने आसुरी प्रवृत्ति का संहार कर सद प्रवृत्तियों की रक्षा की थी। कथा में आचार्य पंडित आशिष भारद्वाज ज्योतिष कर्ता,हनुमान कथा वक्ता अरविन्द भाई ओझा, राजेंद्र गोयल ( मंत्री जी )पंडित ईश्वर दत्त शर्मा ,आशिष शर्मा ,सोनू बेटरी वाले ,मुकेश ,सुभाष गोयल, राजेन्द्र भत्ते वाले ,योगेश शर्मा ,अमित ( सोनू ) अनिल जोशी डॉक्टर अनिला आर्या ,श्रीमती विजय अग्रवाल ,निर्मला देवी ,ममता , अंजू गोयल .श्रीमती सुमन जिसमे आदि भक्त शामिल हुए।

# पंजाबी संगठन,महिला पंजाबी संगठन एवं और लायंस क्लब द्वारा एटायर स्पेक्ट्रा सीजन 2₹ का आयोजन

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर।** पंजाबी संगठन मोदीनगर ,महिला पंजाबी संगठन मोदीनगर और लायंस क्लब मोदीनगर, उड़ान द्वारा ₹एटायर स्पेक्ट्रा सीजन 2₹ का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस वर्ष कार्यक्रम का मुख्य विषय ₹साड़ी₹ था, जो भारतीय परंपरा और सांस्कृतिक धरोहर को दशार्ता है।

इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद राजकुमार सांगवान, विधायिका डॉ. मंजू सिवाच,जिला पंचायत मोदीनगर सुचेता सिंह,युवा रालोद अध्यक्ष जयदीप चौधरी विशेष और उनकी धर्मपत्नी डॉ. प्रीति सिंह, और जिला पंचायत प्रमुख गौरव चौधरी उपस्थित रहे। सभी मुख्य अतिथियों ने कार्यक्रम की भूरी-भूरी प्रशंसा की और आयोजन का आनंद लिया। उन्हें सम्मान स्वरूप शील्ड और शॉल भेंट कर स्वागत किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली और उनकी धर्मपत्नी सुधा वैशाली,डॉ पूनम गर्ग, डॉ सताक्षी गर्ग और ,पंडित राम आसरे शमार्जी ,रीता बख्शी, डॉ.आकांक्षा सारसावत, ऐश्वर्या बहुगुणा, प्रो.पूनम शर्मा,विशेष अतिथि थे, हम सभी ने उनके समय और उपस्थिति के लिए उनका धन्यवाद किया।

## ताबड़तोड़ तीन थानों में यूपीसीएल के ठेकेदारों पर एक साथ दर्ज हुए संगीन मुकदमें

वेलकम इंडिया



**देहरादून।** जनपद में जनमानस को सुगम सुविधा मुहैया कराने में डीएम सविन बंसल, हर क्षेत्र में सजगता से कार्य कर रहे हैं। साथ ही जनमानस के मध्य से प्राप्त हो रही शिकायतों पर कड़ाई से कार्रवाई कर रहे हैं। शहर के सड़कों में विद्युत लाइन, सीवर लाइन भूमिगत आदि के संपादित कार्य के सशर्त अनुमति के बावजूद भी कार्यदायी संस्था एवं ठेकेदारों द्वारा गंभीरता से नहीं लिए जाने पर, तथा निर्माण कार्यों के अस्त व्यस्त पड़े सामग्री एवं खुले गड्ढे एवं मक डंप से जनमानस को हो रही असुविधा एवं दुर्घटना को दे रहे न्योता के चलते। डीएम ने क्यूआरटी गठित सड़क पर चल रहे कार्यों को शर्तों के अनुरूप करने के दिशा निर्देश दिए। संबंधितों के निर्माण कार्य लापरवाही बरतने पर कठोर कार्रवाई अमल में लाई गई। जिसके तहत निर्माण कार्य से जुड़े तीन ठेकेदार एवं एक जेई के विरुद्ध निर्माण कार्य स्थल के संबंधित थानों में एफआईआर दर्ज किया गया।

जिलाधिकारी सविन बंसल रोड़ कटिंग के लिए दी गई अनुमति में मानकों के अनुपालन में सख्त रूख अपनाएं हुए है। विभिन्न क्षेत्रों विद्युत लाईन भूमिगत को दी गई रोड़ कटिंग एवं रेस्टोरेशन तथा मानकों के अनुरूप सुरक्षा इंतजाम जाचने के लिए डीएम ने क्यूआरटी का गठन किया है। टीम ने संयुक्त निरीक्षण में पाया गया कि मानकों एवं शर्तों का परिपालन नही किया जा रहा है, जिस पर सख्त एक्शन लेते हुए डीएम ने विभिन्न थाना अन्तर्गत यूपीसीएल, एडीबी तथा कार्य कर रही अनुबन्धित फर्मों पर मुकदमें दर्ज कराए हैं।

# मुख्यमंत्री धामी ने किया अंतरराष्ट्रीय प्रवासी उत्तरखंडी सम्मेलन का शुभारंभ

वेलकम इंडिया




**देहरादून।** प्रवासी उत्तराखण्डियों ने अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन की पहल का स्वागत किया, कहा इससे अपनी जड़ों से जुड़ने का मौका मिला मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में अंतरराष्ट्रीय प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन का शुभारंभ किया। विभिन्न देशों में निवासरत उत्तराखंडियों के इस समागम में अपनी मूल जड़ों, विरासत और मातृभूमि के प्रति अटूट प्रेम और उत्साह की झलक दिखी। मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड के प्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि तेजी से विकसित हो रहे उत्तराखंड में निवेश की व्यापक संभावना है। साहसिक पर्यटन, पावर जेनरेशन, एरोमेटिक, विनिर्माण, कृषि, उद्यान, हर्बल, आयुष एंड वैलनेस इत्यादि में निवेश की आभार संभावनाएं हैं। कहा कि हमने राज्य को निवेश डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करने के लिए नीतिगत और ढांचागत दोनों स्तर पर बड़े सुधार किए हैं। काम शुरू करने में आसानी हो इसके लिए नियमावली में उसी अनुरूप सुधार किए हैं। अपराधमुक्त और भयमुक्त समाज के लिए अनेक सख्त वैधानिक प्रावधान किए हैं। सड़क, रेल, हवाई अड्डा, रोपवे, संचार नेटवर्क का बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया है, जिससे राज्य एक सुरक्षित, सुगम और आकर्षक निवेश स्थल के रूप में भी तेजी से उभर रहा है। नीति आयोग की रैंकिंग भी इसी और इशारा करती है।

# मोदी जी की जनकल्याणकारी नीतियों को देश की जनता ने सराहा

वेलकम इंडिया



**देहरादून।** पूरे उत्तराखंड में नगर निकाय चुनाव का प्रचार प्रसार बड़े जोरों शोरों के साथ चल रहा है जिसमें सभी पार्टियों के प्रत्याशी अपने-अपने क्षेत्र में डोर टू डोर कैंपेन करने में जुटे हुए हैं आज मुस्लिम क्षेत्र में मोदी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष फैयाज अहमद ने कहां कि पूरे देश की जनता ने मोदी जी की जन्म कल्याणकारी नीतियों को सराहा है पसंद किया है और मुसलमान बड़े तादाद में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो रहे हैं क्योंकि पूरे देश में बिना भेदभाव के सब का साथ सबका विकास और सब का विश्वास में आस्था रखते हुए मुस्लिम मोदी जी के साथ खड़ा है कांग्रेस पार्टी ने अपने 60 साल के शासनकाल में मुसलमान के हालात को दलितों से बदतर बना दिया था फैयाज अहमद ने कहा सच्चर कमेटी की रिपोर्ट कांग्रेस पार्टी के शासनकाल में आई थी रिपोर्ट आने के बाद भी कांग्रेस पार्टी ने मुसलमान के उत्थान विकास रोजगार शिक्षा पर कोई ध्यान नहीं दिया मुसलमान को अनपढ़ रखा अंगूठा लगाए और वोट ले लिया फैयाज अहमद ने कहा अब यह नहीं चलेगा मुसलमान जागरूक हो गया है मुसलमान को अपने अच्छे बुरे की पहचान की समझ आ गई है आप मुसलमान को कोई ठग नहीं सकता अच्छा नहीं सकता फैयाज अहमद ने कहा हमारे देश के एसएससी प्रधानमंत्री ने जब से देश की बागडोर को संभाला है।

# नैनीताल में हुआ इस वर्ष का पहला हिमपात

वेलकम इंडिया

**देहरादून।** उत्तराखंड में बीते दिन से मौसम खराब चल रहा था, वहीं देर रात बारिश के चलते आज मसूरी से लेकर औली, चकराता और नैनीताल में बर्फबारी हो गई। जिससे यहां की वादियां बर्फ की सफेद चादर में लिपट गई हैं। वहीं, पैदल रास्तों और खेत खलियानों में बर्फ जम गई है। मैदानी इलाकों में बारिश के साथ कोहरा छाने से तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। साथ ही सर्द हवाओं ने ठंड में और इजाफा कर दिया है। उधर, नैनीताल में इस वर्ष का पहला हिमपात हुआ। बदरीनाथ, केदारनाथ धाम, हेमकुंड साहिब, फूलों की घाटी, औली, गौरसों बुग्याल के साथ ही ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हुई। औली में भी बर्फबारी के बाद भारी मात्रा में बर्फ जमी है। पिछले दिनों बर्फबारी के बाद पर्यटकों ने औली का रुख करना शुरू किया। औली के सभी होटल, लॉज भरे हुए हैं। वहीं, आज फिर से बर्फबारी होने से पर्यटकों की भीड़ उमड़ सकती है। चकराता में भी आज बर्फबारी हुई है। क्षेत्र के लौखंडी, कोटी- कनासर, जाड़ी, बुल्हाड़, देववन, केराड़ में भारी बर्फ पड़ी है। बर्फबारी के बाद जमीन पर कई इंच मोटी बर्फ की चादर जम गई है। नैनीताल शहर में इस वर्ष का पहला और सर्द मौसम का दूसरा हिमपात हो गया है। सुबह जब लोगों की नींद खुली तो ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फ नजर आई। पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी स्थानीय किसानों की फसलों और फलों के लिए बेहद लाभदायक साबित हुई है। रविवार की सुबह मुक्तेश्वर, धानाचूली, पहाड़पानी, रामगढ़, कसियालेख, मनाघेर, चोरलेख क्षेत्र की पहाड़ियां और खेत बर्फ के सफेद चादरों से घिरे नजर आए।



# कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने किया निर्माण कार्यों का उद्घाटन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने रविवार को डूडा के अंतर्गत निर्मित कई गलियों का उद्घाटन किया। इन विकास कार्यों से क्षेत्रवासियों को अत्यंत लाभ होगा और उनका आवागमन सुगम बनेगा।

उद्घाटन के दौरान सुनील शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हर नागरिक तक विकास की रोशनी पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। साहिबाबाद क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। इन गलियों के निर्माण से क्षेत्रवासियों को जलभराव, टूटी सड़कें एवं अन्य समस्याओं से राहत मिलेगी। उन्होंने यह भी बताया कि डूडा योजनाओं के अंतर्गत आगे भी कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर कार्य जारी है। उन्होंने स्थानीय निवासियों को आश्वासन दिया कि क्षेत्र में हर आवश्यक विकास कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य व्यक्ति, पार्टी कार्यकर्ता एवं स्थानीय निवासी उपस्थित रहे। उद्घाटन के दौरान लोगों ने कैबिनेट मंत्री का फूलमालाओं से स्वागत किया। क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर बिजेंदर चौहान, सुनंद सिंह, अमित यादव, जातिश प्रसाद, उधम सिंह, संचित सिंह, मणिकांत सिंह, लखन लाल मिश्रा, प्रमोद कुमार सिंह, ऋषिपाल, रिटायर्ड स्पेक्टर गोविंद संभल, विक्रम सिंह बिष्ट, वरुण त्यागी, राकेश चौहान, ब्रह्मानंद भारद्वाज, महिपाल सिंह चौहान, संजय सिंह चौहान, मनोज चौहान, सुनहरी लाल शर्मा, मंजू दीक्षित, बृजपाल चौधरी, सुरेंद्र सिंह, कुमार चंद्रशेखर सिंह, ओम सिंह, रीता सिंह, दुर्गेश, राजेंद्र तिवारी, राकेश चौधरी, जितेंद्र सिंह, दीपक चौहान, बीरबल सिंह, भूषण सिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष नीरज वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल चौहान, मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा, अरुण चौहान आदि मौजूद रहे। कैबिनेट मंत्री ने जिन विकास कार्यों का उद्घाटन किया उनमेंम वार्ड-45 न्यू करहेड़ा के उधम सिंह कॉलोनी भाग सुनील से विसंबर, महालक्ष्मी से धर्मेंद्र प्रसाद, धीरज से राजीव, धीरज से संजय, संचित से प्रदीप, बंटी से सुमिल के मकान तक नाली एवं इंटरलॉकिंग टाइल्स सड़क का निर्माण कार्य।

# मंडल अध्यक्ष बनने पर नीरज रावल को दी शुभकामनाएं

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद:(सुमित सोरेन)** गाजियाबाद के ब्रिज विहार भाजपा मंडल अध्यक्ष बनने पर समाजसेवी व हिंदुत्व की बात रखने वाले उत्तम उपाध्याय व उनकी पूरी टीम ने नीरज रावल को ब्रिज विहार मंडल अध्यक्ष बनने पर बधाई दी। नीरज रावल को सुधीर त्यागी की जगह मंडल अध्यक्ष बनाया गया है।

बुधवार को मंडल अध्यक्ष की घोषणा होने के बाद नीरज रावल के समर्थकों में खुशी की लहर है सुधीर त्यागी को जिला प्रतिनिधि चुना गया है। इस मौके पर नीरज रावल ने कहा कि मैं एक भाजपा का समर्पित सिपाही हूं। भाजपा शीर्ष नेतृत्व के द्वारा उन पर विश्वास जताने के लिए आभार व्यक्त किया। 2027 में तीसरी बार माननीय योगी आदित्यनाथ जी को मुख्यमंत्री बनाएंगे।पार्टी की जो भी योजनाएं हैं, प्रदेश सरकार की योजनाएं हैं उन्हें इंप्लीमेंट कराया जाएगा।

# स्टांप ड्यूटी में कटौती की जरूरत, इंडस्ट्री का मिले दर्जा: प्रदीप गुप्ता

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** नए साल का आगाज हो चुका है। आम बजट की तैयारी चल रही है। 1 फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण संसद में बजट पेश करेंगी। इस बार के बजट पर सभी की नजर है। ऐसा इसलिए कि भीरतीय जीडीपी की रफ्तार सुस्त हुई है।

इसको तेज करने के लिए वित्त मंत्री कई उपाय कर सकती हैं। वहीं, होम बायर्स भी इस बजट से कई तरह की उम्मीदें लगाए हुए हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का बजट भाषण आने ही वाला है। हम सबकी निगाहें उस पर टिकी हैं। लेकिन हर साल की तरह इस साल भी रियल स्टेट सेक्टर की नजर बजट पर रहेगी। व्यापारी एकता समिति संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता का कहना है कि रियल एस्टेट सेक्टर भारतीय अर्थव्यवस्था का अहम हिस्सा है। रियल स्टेट सेक्टर इस बार के बजट में बड़े बदलावों की उम्मीद कर रहा है। रियल एस्टेट सेक्टर की पुरानी मांग है कि इसे उद्योग का दर्जा दिया जाए, ताकि कम ब्याज पर फाइनेंस मिल सके और इसका फायदा सीधा ग्राहकों तक पहुंचे। साथ ही, प्रोजेक्ट समय पर पूरे हों और लागत कम रहे, इसके लिए सिंगल-विंडो क्लियरेंस जरूरी है। घरों के लिए जीएसटी इनपुट क्रेडिट वापस लाना कीमतों को स्थिर रखने में मदद करेगा। रियल एस्टेट देश के सबसे बड़े रोजगार देने वाले सेक्टरों में से एक है। अगर इसे इंडस्ट्री का दर्जा मिल जाए, तो इससे इस सेक्टर को और मजबूती मिलेगी। केंद्र सरकार को इस बार के बजट में रियल एस्टेट सेक्टर को इंडस्ट्री का दर्जा जरूर देना चाहिए।

# आरआरटीएस से कनेक्ट होकर चमकेगी जीडीए की किस्मत

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) की मधुबन-बापूधाम आवासीय योजना की किस्मत चमकने वाली है। योजना को जल्द ही बेहतर कनेक्टिविटी मिलने का रास्ता साफ हो जाने से यहां प्रोपर्टी में उछाल आने जा रहा है।

जीडीए बोर्ड से रेलवे के द्वारा मांगी गई अतिरिक्त राशि को मंजूरी के निमार्णाधीन आरओबी पर पायलिंग का शुरू हो गया है। आरओबी का निर्माण पूरा होते ही योजना को सीधे मेरठ रोड से कनेक्टिविटी मिल जाएगी। सबसे खास बात यह होगी आरओबी के निर्माण के बाद जीडीए की यह योजना आरआरटीएस स्टेशन से भी सीधे जुड़ जाएगी और यहां के निवासी कुछ ही मिनटों में दिल्ली और मेरठ पहुंच सकेंगे। मधुबन बापूधाम आवासीय योजना में निमार्णाधीन रेल ओवर ब्रिज (आरओबी) का कार्य तेजी से शुरू हो गया है। जीडीए ने रेलवे द्वारा इस प्रोजेक्ट के लिए मांगी गई अतिरिक्त 11.06 करोड़ की धनराशि को मंजूरी दे दी है। रेलवे के मुताबिक प्रोजेक्ट की लागत में वृद्धि मुख्य रूप से क्रष्ठस्त्र लखनऊ द्वारा डिजाइन में किए गए संशोधन के कारण हुई है। जीडीए ने बोर्ड के अनुमोदन के बाद रेलवे अधिकारियों से चर्चा कर इसे स्वीकृति प्रदान की है। उसके बाद रेलवे ने कॉमन पियर के निर्माण के लिए पायलिंग कार्य प्रारंभ कर दिया है। आरओबी के निर्माण से न केवल क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बेहतर होगी बल्कि स्थानीय निवासियों और उद्योगों के लिए आर्थिक और सामाजिक लाभ भी होगा। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण इस प्रोजेक्ट को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। मधुबन बापूधाम आवासीय योजना में क्रहक्क का निर्माण क्षेत्र के निवासियों के आवागमन को सुविधाजनक बनाने के साथ-साथ विकास के नए आयाम जोड़ेगा। रेलवे के साथ समन्वय बनाकर यह कार्य शीघ्र पूरा किया जाएगा। हमारा उद्देश्य है कि इस योजना के लाभ स्थानीय नागरिकों को जल्द से जल्द मिले। सीधे मेरठ रोड से आवागमन, मधुबन बापूधाम योजना और आसपास की अन्य कॉलोनियों के निवासी सीधे मेरठ रोड तक आवागमन कर पाएंगे। रेलवे फाटक पर इंतजार करने की परेशानी खत्म होगी। सुरक्षित और सुगम यात्रा : स्थानीय निवासियों और छोटे वाहनों के लिए अंडरपास की व्यवस्था की जा रही है।

# जीआरपी ने 144 मोबाइल बरामद कर पीड़ितों को लौटाए



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने रेलवे स्टेशन पर दो वर्ष में गुम और चोरी हुए मोबाइल बरामद कर उन्हें पीड़ितों को लौटा दिए है। जीआरपी ने रेलवे स्टेशन पर गुम हुए 144 मोबाइल बरामद किए हैं। बरामद मोबाइल के मालिकों को फोन कर रविवार को सुपुर्द किया गया। जीआरपी सीओ सुदेश गुप्ता का कहना है कि यह मोबाइल वर्ष-2023 और वर्ष 2024 में गुम हुए थे। पीड़ितों ने इस संबंध में जीआरपी में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। मोबाइल बरामद होने के बाद पुलिस ने उनके मालिकों को फोन कर सूचना भी दी गई। रविवार को ही कई लोग अपना मोबाइल लेने आ गए। मोबाइल तलाशी अभियान चलाया गया। सीओ जीआरपी सुदेश गुप्ता और जीआरपी थाना प्रभारी नवरत्न गौतम ने बताया कि लंबे समय से गुम हुए मोबाइल की तलाश का अभियान चलाया गया था।

# शिव शक्ति की याचिका सर्वोच्च न्यायालय से भी हुई खारिज, निगम को मिली जीत



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में जहां सभी विभाग बेहतर कार्य कर रहे हैं। वहीं गाजियाबाद नगर निगम का लीगल डिपार्टमेंट भी पेंडिंग मामलों को रफ्तार दे रहा है।

इसी क्रम में शिव शक्ति ड्रीम होम को भी हार का मुंह देखना पड़ा। सर्वोच्च न्यायालय मे इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम टेंडर के विरुद्ध दायर की गई। याचिका को खारिज कर दिया गया है, जो कि निगम की एक बड़ी जीत है। शिव शक्ति का टेंडर 6 वर्षों के बाद पूर्ण हो चुका था, इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम की टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ होने पर शिव शक्ति द्वारा टेंडर को चैलेंज करते हुए, 9508/2024 याचिका दायर की गई थी। जिसको पॉलिसी मैटर बताते हुए और आर्बिट्रेशन के पास जाने हेतु आदेशित करते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा 20 मार्च 2024 खारिज कर दिया गया था। इसके बाद भी शिव शक्ति ड्रीम होम द्वारा आईटीएमएस टेंडर को दोबारा से चैलेंज करते हुए याचिका 27609/24 माननीय सर्वोच्च न्यायालय मे दायर की गई।

नगर निगम लीगल डिपार्टमेंट द्वारा अपना पक्ष रखा गया। जिस पर गाजियाबाद नगर निगम को जीत मिली और सुप्रीम कोर्ट द्वारा शिव शक्ति ड्रीम होम की याचिका को 2 जनवरी 2025 को खारिज किया गया। सर्वोच्च न्यायालय से आर्डर प्राप्त होने पर नगर आयुक्त द्वारा लीगल टीम के बेहतर कार्यवाही करने पर प्रशंसा की गई। अन्य पेंटिंग मामलों पर भी इसी प्रकार नगर निगम को जीत दिलाने के लिए मोटिवेट भी किया गया। महापौर और नगर आयुक्त के नेतृत्व में नगर निगम के सभी विभाग शहर हित में लगातार कार्य कर रहे हैं। वहीं शासन की योजनाएं शहर हित में धरातल पर लाने के लिए नगर आयुक्त लगातार प्रयासरत है। लीगल डिपार्मेंट के कार्यों में भी रफ्तार देखने को मिल रही है।

# 18 जनवरी तक 1 से 8 तक के छात्रों के लिए पूरी तरह स्कूल बंद

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गाजियाबाद की तरफ से शहर के स्कूलों के लिए एक नोटिस जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि भीषण ठंड के चलते गाजियाबाद में कक्षा एक से आठ तक के स्कूल पूरी तरह बंद रहेंगे। इन स्कूलों में सभी परिषदीय, माध्यमिक (यूपी बोर्ड), सीबीएसई बोर्ड और आईसीएसई बोर्ड समेत अन्य बोर्ड से मान्यता प्राप्त स्कूल शामिल होंगे।

डीएम द्वारा जारी किए गए आदेश में कहा गया है कि 18 जनवरी 2025 तक स्कूल छात्रों के लिए पूरी तरह बंद रहेंगे। मगर स्कूल का पूरा स्टाफ विद्यालय में मौजूद रहेगा। सभी कर्मचारी स्कूल आकर अपने कार्यालय और विभागों से जुड़ी जिम्मेदारियों को पूरा करेंगे। इस तरह केवल कक्षा 1 से 8 तक के छात्रों की छुट्टी की गई है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की तरफ से आदेश जारी करते हुए कहा गया है कि सभी परिषदीय, माध्यमिक (यूपी बोर्ड), सीबीएसई, आईसीएसई बोर्ड व अन्य बोर्ड से जुड़े हुए सभी स्कूलों के प्रधानाचार्य और प्रधानाध्यपक को आदेश दिया जाता है कि इस आदेश का कड़ाई से पालन करें। मौसम विभाग ने अगले 2-3 दिनों के दौरान उत्तर पश्चिम भारत में घने से बहुत घने कोहरे के बने रहने की संभावना जताते हुए चेतावनी जारी की है। इसमें दिल्ली समेत एनसीआर का हिस्सा आता है।

# स्वामी विवेकानंद थे एक महान हिन्दू संत और नेता: बीके शर्मा हनुमान

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह इस अवसर पर विश्व ब्रह्मर्षि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मर्षि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने बताया कि विश्वभर में ख्याति प्राप्त संत, स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कलकत्ता में हुआ था। वह बचपन में नरेन्द्र नाथ दत्त के नाम से जाने जाते थे। इनकी जयंती को भारत में प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय युवा दिवस के रुप में मनाया जाता है। वह विश्वनाथ दत्त, कलकत्ता उच्च न्यायालय के वकील, और भुवनेश्वरी देवी के आठ बच्चों में से एक थे। वह बहुत धार्मिक और आध्यात्मिक व्यक्ति थे और अपने संस्कृत के ज्ञान के लिए लोकप्रिय थे।स्वामी विवेकानंद सच बोलने वाले, अच्छे विद्वान होने के साथ ही एक अच्छे खिलाड़ी भी थे। वह बचपन से ही धार्मिक प्रकृति वाले थे और परमेश्वर की प्राप्ति के लिए काफी परेशान थे। एक दिन वह श्री रामकृष्ण (दक्षिणेश्वर काली मंदिर के पुजारी) से मिले, तब उनके अंदर श्री रामकृष्ण के आध्यात्मिक प्रभाव के कारण बदलाव आया। श्री रामकृष्ण को अपना आध्यात्मिक गुरु मानने के बाद वह स्वामी विवेकानंद कहे जाने लगे।वास्तव में स्वामी विवेकानंद एक सच्चे गुरुभक्त भी थे क्योंकि तमाम प्रसिद्धि पाने के बाद भी उन्होंने सदैव अपने गुरु को याद रखा और रामकृष्ण मिशन की स्थापना करते हुए, अपने गुरु का नाम रोशन किया।





# फिज़ियो वाइब्स 2025: आईएपी गाजियाबाद द्वारा नव वर्ष पर शैक्षणिक और सांस्कृतिक उत्सव

वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद।** इंडियन एसोसिएशन ऑफ फि ज़ियोथेरेपिस्ट्स (आईएपी), गाजियाबाद जिला शाखा ने ₹फि ज़ियो वाइब्स 2025₹ का भव्य आयोजन होटल बनाना ट्री, साहिबाबाद में किया। यह आयोजन फि ज़ियोथेरेपी पेशे को सशक्त बनाने, नवीनतम तकनीकों पर चर्चा करने और पेशेवर नेटवर्किंग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया। मणिपाल हॉस्पिटल, गाजियाबाद की सहभागिता ने इस आयोजन को और भी गरिमामय बना दिया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. गुरुचरण धीरयान (जिला संयोजक, आईएपी गाजियाबाद) एवं डॉ. मोनिका चंद्रा (समन्वयक, महिला प्रकोष्ठ) द्वारा स्वागत उद्?बोधन से हुई। इसके बाद उद्?घाटन समारोह आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया।

मुख्य अतिथियों में डॉ. रुचि वार्ष्णेय (राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष और महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष), डॉ. दिनेश समुझ (आईएपी सीईसी, ईस्ट जोन), डॉ. विनोद कौशिक, डॉ. धर्म पांडे, डॉ. जफर (गलगोटिया यूनिवर्सिटी), डॉ. एम.एन. पांडे, डॉ. मोहित कुमार, डॉ. सैयद जौहर, डॉ. रेनू गिरी, डॉ. श्रुति शर्मा, डॉ. हिमांद्री कपिल, डॉ. अंजना तेवतिया, डॉ. पूजा तिवारी और मणिपाल हॉस्पिटल के डायरेक्टर शमशुद्दीन ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से आयोजन को विशेष बनाया। श्री तरुण शर्मा (मणिपाल हॉस्पिटल) का कार्यक्रम में विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में मणिपाल हॉस्पिटल के विशेषज्ञों द्वारा दो शैक्षणिक सत्र आयोजित किए गए। पहले सत्र में डॉ. शिशिर पांडे (न्यूरोलॉजिस्ट) ने ₹पोस्ट स्ट्रोक रिहैबिलिटेशन₹ पर अपने विचार साझा किए। इसके बाद डॉ. नीरज गुप्ता (ऑर्थोपेंडिक सर्जन) ने ₹एडवांसमेंट इन ऑर्थोपेंडिक्स₹ पर एक व्यापक प्रस्तुति दी तथा सभी उपस्थितगणों को नवीनतम तकनीकों और दृष्टिकोणों से अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों और वक्ताओं को उनके योगदान के लिए विशेष प्रशंसा चिह्न देकर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और डॉ. रुचि वार्ष्णेय के जन्मदिन ने आयोजन को और भी उत्साहपूर्ण बना दिया। इसके साथ ही, सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिह्न भेंट किए गए। लाइव बैंड की प्रस्तुति और गाला डिनर ने कार्यक्रम को अविस्मरणीय बना दिया। कार्यक्रम का आयोजन आईएपी गाजियाबाद की आयोजन समिति द्वारा किया गया, जिसमें जिला संयोजक डॉ. गुरु चरण धीरयान, सचिव डॉ. नमित वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष डॉ. मीनाक्षी वर्मा, महिला प्रकोष्ठ से डॉ. मोनिका चंद्रा, डॉ. प्रियंका त्यागी, और डॉ. अभिव्यक्ति नवगीत, तथा कार्यकारिणी समिति के सदस्य डॉ. अनुपम गर्ग, डॉ. आशीष तोमर, डॉ. अमित कुमार भारद्वाज, डॉ. धीरज त्यागी, डॉ. जसदीप सिंह बेदी, डॉ. अंकुर गौड़, डॉ. दीपक सिंह, डॉ. गौरव त्यागी, डॉ. सुमित गुप्ता, और डॉ. गौतम शर्मा ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।